卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐ॐ 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 6 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर( ऊधमसिंहनगर ) ♦रविवार ♦12 अक्टूबर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in




# राज्यभर की औषधि निरीक्षक टीमें सक्रिय, दर्जनों मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस रद्द

## बच्चों की सुरक्षा के लिए कफ सिरप बिक्री पर सख्त निगरानी, 350 से अधिक सैंपल लिए गए

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के सख्त दिशा-निर्देशों पर उत्तराखंड में बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर औषधि विभाग ने बड़ा अभियान छेड़ा है। औषधि विभाग ने बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रदेश के सभी जिलों में छापेमारी का सिलसिला तेज कर दिया है। प्रदेशभर में कफ सिरप की गुणवत्ता और उसकी वैधानिकता की जांच के लिए मेडिकल स्टोर्स, होलसेल डिपो, फार्मा इंडस्ट्री और बच्चों के अस्पतालों पर औचक निरीक्षण लगातार जारी हैं। देहरादून, ऋषिकेश, हल्द्वानी, अल्मोड़ा और बागेश्वर सहित अन्य जिलों में औषधि निरीक्षकों की टीमों ने औचक निरीक्षण अभियान चलाया। अब तक 350 से अधिक सैंपल जांच के लिए लिए जा चुके हैं, जबकि एक दर्जन से अधिक मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निरस्त किए जा चुके हैं। कई अन्य को कड़ी चेतावनी दी गई है। प्रदेश सरकार ने सभी बाल चिकित्सकों से अपील की है कि दो साल से कम उम्र के बच्चों को किसी भी स्थिति में प्रतिबंधित सिरप न लिखें। इस पूरे अभियान की मॉनिटरिंग स्वयं स्वास्थ्य सचिव एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त डॉ. आर. राजेश कुमार कर रहे हैं, जो प्रतिदिन टीमों से फीडबैक लेकर कार्रवाई की प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। अभियान का नेतृत्व अपर आयुक्त (एफडीए) ताजबर सिंह जग्गी कर रहे हैं, जिनके दिशा-निर्देशों में राज्यभर की औषधि निरीक्षक टीमें सक्रिय हैं। विभाग ने चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए औषधि विभाग ने शहरभर में औचक निरीक्षण अभियान चलाया। आयुक्त और अपर आयुक्त (एफडीए) के निर्देशों पर औषधि निरीक्षक मानेंद्र सिंह राणा के नेतृत्व में टीम ने पलटन बाजार, घंटाघर, ऋषिकेश रोड, जॉलीग्रांट, अजबपुर और नेहरू कॉलोनी क्षेत्रों में मेडिकल स्टोर्स और थोक विक्रेताओं की जांच की। निरीक्षण के दौरान बच्चों की सर्दी-खांसी की कुछ दवाएं अलग से भंडारित पाई गईं, जिन्हें मौके पर सील कर दिया गया और बिक्री पर अगले आदेश तक रोक लगा दी गई। अधिकांश विक्रेताओं ने प्रतिबंधित सिरप की बिक्री पहले ही बंद कर दी थी, जबकि जहां स्टॉक मिला, उसे पेटियों में डालकर सील किया गया। कार्रवाई के दौरान एक मेडिकल स्टोर को बंद किया गया और 11 औषधियों के नमूने जांच के लिए लिए गए। टीम ने बताया कि SYP- Coldrif] SYP- Respi fresh&TR vkSj SYP- Relife जैसी दवाएँ स्टोर्स पर नहीं मिलीं।



औषधि निरीक्षकों विनोद जागुड़ी और निधि रतूड़ी की मौजूदगी में हुई इस कार्रवाई को आगे भी जारी रखा जाएगा। औषधि निरीक्षक निधि रतूड़ी ने ऋषिकेश क्षेत्र में स्थित राजकीय एसपीएस चिकित्सालय देहरादून रोड और जॉलीग्रांट के आसपास मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ स्टोर्स में बच्चों की सर्दी-खांसी की दवाइयाँ (सिरप) अलग से भंडारित थीं। टीम ने मौके पर ही इन दवाओं को सील कर दिया और स्पष्ट निर्देश दिए कि अगली आदेश तक इनकी बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। औषधि निरीक्षक के अनुसार अधिकांश मेडिकल स्टोर्स ने शासन के आदेशों का पालन करते हुए प्रतिबंधित सिरप की बिक्री पहले ही रोक दी है। निरीक्षण के दौरान कुल 06 औषधियों के नमूने गुणवत्ता जांच हेतु संकलित किए गए। हल्द्वानी मुखानी क्षेत्र में औषधि विभाग की टीम ने सात मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया। इस दौरान दो कफ सिरप के नमूने जांच के लिए लिए गए। टीम ने सभी विक्रेताओं को शासन-प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। अल्मोड़ा जिले में औषधि विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण के दौरान एक मेडिकल स्टोर से कफ सिरप का एक नमूना परीक्षण के लिए लिया। वहीं, बागेश्वर जिले के गरुर क्षेत्र में दो मेडिकल स्टोर्स पर जांच की गई, जहाँ से दो बाल चिकित्सा सिरप के नमूने गुणवत्ता परीक्षण हेतु संकलित किए गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उत्तराखंड सरकार बच्चों की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक मेडिकल स्टोर, अस्पताल और फार्मा यूनिट की जांच सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा हमारा लक्ष्य है कि उत्तराखंड में ऐसा कोई सिरप न बिके, जो बच्चों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बने। यह सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का हिस्सा है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने प्रदेश के सभी डॉक्टरों से अपील की है कि वे बच्चों के लिए दवा लिखते समय विशेष सतर्कता बरतें। उन्होंने कहा कि दो वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी स्थिति में प्रतिबंधित सिरप न दी जाए। डॉक्टर और फार्मासिस्ट दोनों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों की सेहत को सर्वोपरि रखें। स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा कि बच्चों की सेहत से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत हर जिले की टीम से प्रतिदिन रिपोर्ट ली जा रही है, और जहाँ लापरवाही पाई जाएगी, वहाँ लाइसेंस निरस्तीकरण सहित कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह अभियान न केवल मेडिकल स्टोर्स और होलसेल दवा डिपो तक सीमित है, बल्कि फार्मा कंपनियों और बाल चिकित्सालयों तक भी विस्तारित किया गया है। अपर आयुक्त (एफडीए) ताजबर सिंह जग्गी ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान यहीं नहीं रुकेगा। राज्यभर में बच्चों के लिए असुरक्षित दवाओं की बिक्री और भंडारण पर सख्त निगरानी रखी जाएगी। अपर आयुक्त (एफडीए) ने कहा है कि सरकार की प्राथमिकता स्पष्ट है राज्य के नागरिकों, विशेषकर बच्चों को केवल सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण औषधियां ही मिलें। उत्तराखंड में औषधि विभाग की यह कार्रवाई राज्य सरकार के उस सुरक्षित स्वास्थ्य मिशन का हिस्सा है, जिसके तहत बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित दवाइयाँ उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार ने साफ किया है यह अभियान तब तक जारी रहेगा, जब तक प्रदेश से असुरक्षित औषधियों का पूर्ण उन्मूलन नहीं हो जाता।

# दुर्गम क्षेत्रों में तैनात वन कर्मियों को अब मिलेगा आवासीय भत्ता

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए निरंतर संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाए हुए है। इसी क्रम में वन विभाग के अंतर्गत दुर्गम क्षेत्रों में तैनात वन कर्मियों को अब आवासीय भत्ता दिए जाने का निर्णय लिया गया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे वनकर्मी प्रदेश की बहुमूल्य वन संपदा और वन्यजीवों की रक्षा में दिन-रात कठिन परिस्थितियों में कार्य करते हैं। दूरस्थ और दुर्गम चौकियों पर तैनाती के दौरान उन्हें अपने परिवार से दूर रहना पड़ता है। ऐसे में उनके परिवार के लिए अलग से आवास व्यवस्था करना उनके लिए एक बड़ी चुनौती होती है। सरकार ने इस कठिनाई को समझते हुए यह निर्णय लिया है कि दुर्गम क्षेत्रों में जहां स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसी सामान्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, वहां तैनात वन कर्मियों को आवासीय भत्ता अनुमन्य किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय उन वनकर्मियों के लिए राहत लेकर आएगा जो जंगलों की सुरक्षा में लगातार जुटे रहते हैं। शासन द्वारा वित्त विभाग की सहमति से ऐसे दुर्गम क्षेत्रों की पहचान की जाएगी, जहां यह सुविधा लागू होगी।वन विभाग के कर्मचारियों ने इस निर्णय पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी और वन मंत्री श्री सुबोध उनियाल का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस निर्णय से उन्हें अपने परिवारों की देखभाल करने में सहूलियत मिलेगी और वे राज्य की वन संपदा की रक्षा में और अधिक मनोयोग से कार्य कर सकेंगे।

# क्या परिवार रजिस्टर में छिपी है डेमोग्राफी चेंज के राज?

## बाहरी राज्यों से आए मुस्लिमों के नाम उनके रिश्तेदारों ने देवभूमि में दर्ज करवाए

देहरादून । देवभूमि उत्तराखंड में जनसंख्या असंतुलन की समस्या के कारण जानने है तो एक नजर परिवार रजिस्टरों पर डाल ली जाए तो चौंकाने वाले राज सामने आ जाएंगे।मुस्लिम ग्राम प्रधानों ने अपनी कुर्सी को कायम रखने के लिए ग्राम सभा के अधिकारियों की मिलीभगत से अपने रिश्तेदारों के नाम यहां के परिवार रजिस्टरों में एक षडयंत्र के तहत दर्ज करवा लिए है। देहरादून जिले के पछुवा दून क्षेत्र में और अन्य मैदानों जिलों के गांवों में भी ऐसे मामले प्रारंभिक जांच में सामने आए है। उल्लेखनीय है कि पछुवा दून में 28 गांव ऐसे है जोकि पहले हिन्दू बाहुल्य थे अब मुस्लिम बाहुल्य हो गए है। यहां से किसी लड़की का निकाह उत्तराखंड से बाहर हुआ तो उसका नाम परिवार रजिस्टर से कटना चाहिए था लेकिन हुआ इसका उल्टा बल्कि उसके शौहर और बाद में उनके बच्चों के नाम भी यहां परिवार रजिस्टर में ग्राम प्रधानों की कृपा से चढ़ गए और वे अब सरकारी सुविधाएं ले रहे है ग्राम समाज की जमीनों पर अवैध कब्जे कर लिए है। उनके नाम वोटर लिस्ट में है,उनके आधार कार्ड बन गए है राशन कार्ड बन गए है। ऐसा भी जानकारी में आया है कि इनके नाम परिवार रजिस्टर में दूसरे राज्यों में भी चढ़े हुए है और ये वहां भी सरकारी सुविधाओं के लाभ उठा कर मौज काट रहे है। इस समस्या को ही जनसंख्या असंतुलन का मूल कारण माना जा रहा है। उल्लेखनीय है नागरिक दस्तावेजों में परिवार रजिस्टर एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है जिसमें परिवार की समस्त जानकारी दर्ज रहती है। जन्म मृत्यु से लेकर निवास प्रमाणपत्र से लेकर अन्य प्रमाणपत्र उसी के आधार पर ग्राम पंचायत विभाग जारी करता है, इसी तरह शहर में निगम, परिषद आदि द्वारा भी नागरिक रजिस्टर मेनटेन किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्र के साथ साथ शहरी क्षेत्र में भी ऐसी गड़बड़ियां सामने आ रही है। जानकारी के मुताबिक ऐसे ही मामले बिहार में मतदाता सूची में पकड़ में आए तब भारतीय निर्वाचन आयोग ने वहां एसआईआर लागू किया और फर्जी नामों को मतदाता सूची से बाहर किया। उत्तराखंड सरकार को इस बड़ी समस्या के बारे में बड़ा निर्णय लेना होगा क्योंकि सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज की गई शिकायतें इस ओर संकेत दे रही है कि परिवार रजिस्टरों में बहुत बड़ा गड़बड़झाला किया हुआ है। जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत ,राजस्व विभाग के शीर्ष अधिकारियों ने जब परिवार रजिस्टर के अवलोकन किए तो उन्हें भी हैरानी हुई कि इस पर जो चेक करने के मैकेनिज्म है वो ही त्रुटिपूर्ण है जिसका फायदा ग्राम प्रधानों ने उठाया है और सरकारी भूमि और सरकारी योजनाओं को खुर्दबुर्द करने के काम किए है। बरहाल ये मामला शासन स्तर पर संज्ञान में आ गया है और धामी सरकार इस पर कोई ठोस निर्णय ले सकती है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस मामले में और अधिक गहनता से जांच पड़ताल करके इस पर कोई प्रभावी नीति बनाए जाने के लिए निर्देशित किया है।इस बारे में पूर्व नौकरशाहों और सामाजिक संगठनों के लोगोंसे राय मशविरा भी किया जा रहा है।

# 840 राजकीय विद्यालयों में वर्चुअल एवं स्मार्ट कक्षाओं के केन्द्रीयकृत स्टूडियो का शुभारंभ

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को राजीव गांधी नवोदय विद्यालय, ननूरखेड़ा (देहरादून) में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड द्वारा विद्यालयी शिक्षा में आई.सी.टी. योजना के अंतर्गत 840









राजकीय विद्यालयों में हाइब्रिड मोड में संचालित वर्चुअल एवं स्मार्ट कक्षाओं के केन्द्रीयकृत स्टूडियो का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से वर्चुअल माध्यम से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में शिक्षा व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने की इस ऐतिहासिक पहल के हम सभी साक्षी बन रहे हैं, जिससे प्रदेश के बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि डिजिटल तकनीक, वर्चुअल प्लेटफॉर्म और स्मार्ट कक्षाओं के माध्यम से अनेक संभावनाओं के द्वार खुल रहे हैं। इन नवाचारों के माध्यम से पाठ्यक्रम अधिक रोचक और सरल बन रहा है तथा दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थी भी विशेषज्ञों और शिक्षकों से सीधे संवाद कर पा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में 226 विद्यालयों को पीएम श्री विद्यालय के रूप में स्थापित किया गया है तथा 500 विद्यालयों में वर्चुअल कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अब विद्यार्थी 'उत्तराखंड वर्चुअल लर्निंग एप्लीकेशन' के माध्यम से घर बैठे आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। इसके माध्यम से बच्चे स्वयं अपना मूल्यांकन भी कर सकेंगे। इस ऐप के जरिए विद्यार्थियों को देश और राज्य के जाने-माने शिक्षकों से सीखने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों तक ऑनलाइन शिक्षा पहुँचाने के लिए 5-पीएम ई-विद्या चौनल भी संचालित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कक्षा 6 से 12 तक के मेधावी छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत लाभ दिया जा रहा है। राज्य के प्रत्येक विकासखंड के 10वीं एवं 12वीं के मेधावी छात्रों को भारत भ्रमण पर भेजा जा रहा है। राज्य के माध्यमिक विद्यालयों में 8 ट्रेडों में व्यावसायिक शिक्षा प्रारंभ की गई है, जिससे 42 हजार से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं। राज्य में पहली बार 12वीं के व्यावसायिक छात्रों के लिए रोजगार मेलों का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से 146 विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित कंपनियों में हुआ है। इस पहल की सराहना केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने भी की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य है, जहाँ बुनियादी शिक्षा के लिए राज्य पाठ्यचर्या रूपरेखा तैयार की गई है। विद्यालयों में 'बस्तारहित दिवस' को शामिल किया गया है। सरकार द्वारा स्थानीय भाषा एवं संस्कृति के संरक्षण हेतु गढ़वाली, कुमाऊँनी और जौनसारी भाषाओं में पुस्तकें तैयार की गई हैं। थारू, बोक्सा और रवांल्टी भाषाओं में शब्दकोश भी बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'हमारी विरासत' पुस्तक के माध्यम से कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों को भारत की संस्कृति, लोक परंपरा और महान विभूतियों के बारे में अवगत कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू की गई है। आईसीटी योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षण संसाधनों और वर्चुअल कक्षाओं के माध्यम से आधुनिक शिक्षा से जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तराखंड राज्य ने देश में सर्वप्रथम राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की। इसके अंतर्गत वर्ष 2022 में 'बाल वाटिका' की शुरुआत की गई है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सभी सरकारी विद्यालयों में एन.सी.ई.आर.टी. की पाठ्यपुस्तकें अनिवार्य की गई हैं तथा राजकीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों को नि:शुल्क पुस्तकें उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, विधायक श्री उमेश शर्मा 'काऊ', अपर सचिव शिक्षा श्रीमती रंजना राजगुरु, महानिदेशक शिक्षा सुश्री दीप्ति सिंह, शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी तथा वर्चुअल माध्यम से राज्यभर के विद्यालयों के विद्यार्थी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# दिव्यांग बुजुर्ग दंपति को सहारे की जरूरत

## प्रशासन की उपेक्षा से जूझ रहे हैं संतराम और आनंदी देवी,लोक गीत गाकर चला रहे दिनचर्या

-रमेश जड़ौत-

अल्मोड़ा। उम्र के आखिरी पड़ाव पर पहुंचे दिव्यांग लोक कलाकार बुजुर्ग दंपति की सुध लेने वाला कोई नहीं हैं। पति-पत्नी की दिनचर्या दयनीय स्थिति में है। दोनों की न तो किसी संगठन और न ही प्रशासन ने सुध ली है। इससे दोनों एक कमरे में अपने जीवन के अंतिम दिन गुजारने को मजबूर हैं। भैसियाछाना ब्लॉक के नौगांव पीपली निवासी 75 साल के संतराम जन्म से ही आंखों से दिव्यांग हैं। भगवान ने उन्हें मधुर कंठ तो दिया, लेकिन देखने को आंखें नहीं दीं। जब तक उनके शरीर में जान थी वह मेले, पर्व, त्योहारों में जगह-जगह जाकर गीत गाते रहे और लोगों का मनोरंजन करते रहे। इससे उनकी आजीविका चलती रही। वहीं, उनकी 71 वर्ष की पत्नी आनंदी देवी भी उनका साथ दिया करती थीं। बाद में



दोनों बीमार रहने लगे। इससे उनका मेलों, पर्वों में आना-जाना मुश्किल हो गया। आज हालात ऐसे हैं कि उम्र के इस आखिरी पड़ाव में वह धौलछीना में एक कमरे में जीवन यापन करने को मजबूर है। बीमारी हो या भूख, स्वयं लड़कर अपने दिन गुजार रहे हैं। उनकी हालत को देखने और समझने वाला कोई नहीं है। यहां तक रिश्तेदारों ने भी उनसे किनारा कर लिया है। प्रशासन ने कभी उनकी सुध तक नहीं ली। हांलाकि बुजुर्ग संतराम और आनंदी देवी के कुमाऊंनी गीतों को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया गया और उनसे सहानुभूति रखने वाले लोग उनकी सेवा के लिए आगे भी आये। अल्मोड़ा पुलिस प्रशासन ने पिछले वर्ष उनके उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया और राशन भी उपलब्ध करवाया था। लेकिन अब वह फिर दयनीय हालत में है। **दोनों को वृद्धाश्रम भेजने की उठी मांग :** दोनों को लगातार देखभाल की जरूरत है। अगर उन्हें वृद्धाश्रम में रख लिया जाए तो उनकी परेशानी काफी हद तक दूर हो सकती है। वृद्धाश्रम में उन्हें दो वक्त का खाना मिल पाएगा। साथ ही बीमारी में उन्हें दवा और देखरेख भी मिल सकेगी। **दंपती का परेशानियों से नाता :** बुजुर्ग दंपति के सामने एक नहीं कई मश्किलें हैं। स्थानीय लोग बीमारी में उनके लिए दवा का इंतजाम कर दिया करते हैं। हंस फाउंडेशन की ओर से उन्हें हर माह राशन उपलब्ध कराया जाता है, लेकिन आनंदी देवी बीमार हैं और संतराम आंखों से दिव्यांग होने से खाना बनाने में सक्षम नहीं हैं। इससे मुंह के सामने राशन होने के बाद भी खाना नहीं खा पा रहे हैं।

# उच्च हिमालयी क्षेत्र का दौरा कर लौटा युवाओं का दल

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा का छह सदस्यीय युवाओं का दल 270 किमी बाइक यात्रा कर वापस लौट आया है। इस दल के सदस्यों के यहां पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। युवाओं ने अपनी यात्रा को बाइक से अंतिम पड़ाव मिलम ग्लेशियर तक पूरा किया। युवाओं का छह सदस्यीय दल बीते 27 सितंबर को अल्मोड़ा से बाइक से रवाना हुआ था। दल में ग्रुप लीडर वीरेंद्र सिंह बिष्ट, दीपक मेहता, प्रकाश सिंह, अखिल मेहता, अमित मेहता और पारस शामिल रहे। 28 सितंबर को यह दल मुनस्यारी के बिर्थी फॉल पहुंचा। एक दिन विश्राम के बाद अगले दिन दल सदस्य मिलम तक बाइक से रवाना हुआ। दल 28 सितंबर को मिलम गांव पहुंचा। जहां उन्होंने गोरी नदी के उद्गम स्थल का भ्रमण कर हिमालय रक्षा का पवित्र संकल्प लिया। दल के सभी सदस्य एक अक्टूबर को अल्मोड़ा पहुंचने पर मिलम ग्लेशियर के बाइक द्वारा भ्रमण करने वाला पहला ग्रुप बन गया है। युवाओं ने यात्रा के दौरान सभी पड़ावों में लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



# सभी अधिकारी फील्ड में हर गंभीर अपराध की मॉनिटरिंग स्वयं करें: एडीजी

## नैनीताल और ऊधमसिंहनगर जिले में अपराध एवं कानून व्यवस्था की अपराध समीक्षा में दिए सख्त निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एडीजी अपराध एवं कानून व्यवस्था उत्तराखंड डॉ. वी. मुरुगेशन द्वारा बहुउद्देशीय भवन में नैनीताल एवं उधमसिंहनगर जनपदों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों सहित सभी राजपत्रित अधिकारियों के साथ विस्तृत अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं परिक्षेत्र नैनीताल श्रीमती रिद्धिम अग्रवाल, सुनील कुमार मीणा आईजी एससीआरबी/ सीसीटीएनएस उत्तराखंड, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल प्रहलाद नारायण मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधमसिंहनगर मणिकांत मिश्रा सहित दोनों जिलों के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक के प्रारंभ में उधमसिंहनगर व नैनीताल जनपद के अपराध नियंत्रण एवं विवेचना कार्यों की गुणवत्ता का गहन मूल्यांकन किया। बैठक में एडीजी श्री मुरुगेशन द्वारा निर्देश देते हुए कहा गया कि महिला अपराधों विशेषकर महिला अपहरण एवं दुष्कर्म के मामलों में त्वरित अनावरण कर आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें। चोरी, नकबजनी एवं लूट-डकैती के मामलों में शत प्रतिशत रिकवरी सुनिश्चित की जाए। साथ ही थाना खटीमा व नानकमत्ता के थानाध्यक्षों को केस वर्कआउट/ रिकवरी के मामलों में शिथिलता पर कड़ी चेतावनी दी गई। उन्होंने वाहन चोरी, बलात्कार और एनडीपीएस एक्ट से जुड़े मामलों में कठोर एवं प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए। तीन वर्ष से अधिक लंबित विवेचनाओं पर गंभीर फटकार लगाते हुए उन्होंने सभी पार्ट पेंडिंग मामलों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि अवैध नशे की आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ने के लिए कमर्शियल मात्रा में बरामदगी बढ़ाने और एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत सघन अभियान चलाये।साइबर अपराधों में 1930 हेल्पलाइन की सक्रियता बढ़ाने, पीड़ितों की संपत्ति रिकवरी सुनिश्चित करने और तकनीकी जांच को सशक्त करने के निर्देश दिए गए।पार्ट पेंडिंग विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करें। इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु टीमें गठित करें, कुशल रणनीति बनाकर गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। अज्ञात महिला शवों की शिनाख्त कार्यवाही करें, फिंगर प्रिंट, संबंधित पोर्टलों के डाटा अंकन व अन्य प्रक्रियाओं को पूर्ण कराएं।सभी अधिकारियों को विवेचनात्मक कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही तय करने तथा अधीनस्थों की कार्यप्रणाली का नियमित मूल्यांकन करने के निर्देश दिए गए। एडीजी श्री मुरुगेशन ने कहा अपराध नियंत्रण और विवेचनाओं की गुणवत्ता पुलिस की साख का आधार है। अधिकारी अपने क्षेत्र में सक्रियता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करें।तीन वर्ष से अधिक लंबित विवेचनाएं अस्वीकार्य हैं इन्हें तत्काल निस्तारित करें अन्यथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई तय की जाएगी। प्रत्येक क्षेत्राधिकारी अपनी विवेचना टीम की कार्यक्षमता का नियमित मूल्यांकन करें।लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तकनीक के साथ पारदर्शी पुलिसिंग की ओर कदम बढ़ाया जाए। गोष्ठी के उपरांत सुनील कुमार मीणा, पुलिस महानिरीक्षक, सी सी टी एन एस, एससीआरबी देहरादून द्वारा नैनीताल एवं उधमसिंहनगर जनपदों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों सहित सभी राजपत्रित अधिकारियों के साथ सीसीटीएनएस, आईसीजेएस पोर्टल के अंतर्गत की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान श्री मीणा द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक क्षेत्राधिकारी प्रतिदिन पोर्टल की स्थिति की जाँच कर आवश्यक कार्यवाही करें।सभी अधिकारी सीसीटीएनएस,आईसीजेएस पोर्टल का संचालन कुशलता से सीखें ताकि मौके पर उपलब्ध सूचनाओं का त्वरित उपयोग हो सके।आईआई एफ फॉर्म, सभी पोर्टलों, सिटिजन पोर्टल, तथा गैंग प्रोफाइल फॉर्म से संबंधित बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए अद्यतन प्रविष्टियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। आईसीजेएस पोर्टल के 1.0 व 2.0 वर्जन में उपलब्ध विभिन्न प्लेटफार्म व मिशन वात्सल्य जैसे पोर्टलों पर नियमित अपडेट व कार्यवाही दर्ज करने के भी निर्देश दिए गए। पुलिस की कार्य दक्षता को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने हेतु सीसीटीएनएस में उपलब्ध सभी प्लेटफॉर्म एवं पोर्टलों का नियमित रूप से उपयोगिता पर जोर दिया जाए। ई एफआईआर के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए उसमें प्रदत्त फ्लोचार्ट के बारे में जानकारी दी गई। श्री मीणा ने विशेष रूप से कहा कि प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता और तकनीकी दक्षता बढ़ाना पुलिसिंग का नया आयाम है। सभी अधिकारी डेटा इंटीग्रेशन और सटीक रिपोर्टिंग पर ध्यान दें। बैठक में अभय कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक काशीपुर, पुलिस अधीक्षक सिटी हल्द्वानी प्रकाश चंद्र, श्रीमती दीपशिखा अग्रवाल क्षेत्राधिकारी लालकुआ, सुमित पांडेय क्षेत्राधिकारी रामनगर, अमित कुमार क्षेत्राधिकारी नैनीताल, प्रशान्त कुमार, क्षेत्राधिकारी रूद्रपुर, दीपक सिंह, क्षेत्राधिकारी काशीपुर, डीआर वर्मा, क्षेत्राधिकारी पन्तनगर, भूपेन्द्र सिंह धौनी क्षेत्राधिकारी सितारगंज, विमल कुमार, क्षेत्राधिकारी खटीमा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




# सड़क किनारे दंपत्ति को दो बच्चों सहित तेज रफ्तार कार ने रौंदा, चालक फरार

## इलाज के दौरान युवक की मौत,मुकदमा दर्ज

किच्छा(उद संवाददाता)। पुलभट्टा थाना क्षेत्र में पत्नी एवं दो बच्चों के साथ पूर्णागिरि धाम जा रहे युवक को सड़क किनारे तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया। घटना में युवक सहित उसकी पत्नी एवं दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए और




बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में घायल चारों लोगों को इलाज के लिए एंबुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय ले जाया गया। हल्द्वानी में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। जबकि घटना में घायल महिला एवं दो बच्चों का गंभीर अवस्था में इलाज जारी है। घटना के बाद कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर जांच प्रारंभ कर दी है। कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में ग्राम मनकरी,थाना फतेहगंज पश्चिमी, जिला बरेली निवासी परमेश्वरी लाल पुत्र ताराचंद ने बताया कि विगत 5 अक्टूबर को उसका भाई हरिओम पूर्णागिरि धाम जाने के लिए अपनी पत्नी सुनीता एवं दो बच्चे शिवम व गुड़िया के साथ बाइक पर घर से निकला था। बताया कि पुलभट्टा थाना क्षेत्र में बाइक को राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क किनारे खड़ा करने के बाद भाई हरिओम अपनी पत्नी एवं दोनों बच्चों के साथ किसी का सड़क किनारे इंतजार कर रहा था। इसी दौरान सितारगंज की तरफ से आ रही कार संख्या यूके 06 बी एन 3640 के चालक ने कार को तेज गति एवं लापरवाही से चलाते हुए भाई एवं उसके परिवार को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में हरिओम, पत्नी सुनीता एवं दोनों बच्चे शिवम व गुड़िया गंभीर रूप से घायल हो गए तथा मोटर साइकिल भी छतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस के माध्यम से सभी को गंभीर अवस्था में इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से चिकित्सकों ने गंभीर हालत में हरिओम को हल्द्वानी रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जबकि सुनीता, शिवम एवं गुड़िया का गंभीर हालत में इलाज चल रहा है। घटना के बाद कार छोड़कर आरोपी चालक मौके फरार हो गया। फिलहाल पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर तथा कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सड़क हादसे में मौत के मामले की रिपोर्ट दर्ज

किच्छा(उद संवाददाता)। पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर सड़क पार कर रहे बाइक सवार को तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में घायल एक युवक की इलाज के दौरान जिला चिकित्सालय रुद्रपुर में मौत हो गई। जबकि घटना में घायल दूसरे युवक का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस में कार के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में थाना पुलभट्टा निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र मनजीत सिंह ने बताया कि 2 अक्टूबर को उसका भाई ग्राम बरी, थाना पुलभट्टा निवासी सतविंदर सिंह अपने मित्र ग्राम फरदिया, तहसील बहेड़ी निवासी हरपाल सिंह पुत्र पूरन सिंह के साथ ग्राम बरी स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग कट पर मोटर साइकिल से सड़क पार कर रहा था। इस दौरान सितारगंज से किच्छा की तरफ जा रही तेज रफ्तार सफारी कार संख्या यूके 06 टी 0155 के अज्ञात चालक में कार को तेजी एवं लापरवाही से चलाते हुए सतविंदर सिंह एवं हरपाल सिंह की बाईक को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में गंभीर रूप से घायल सतविंदर सिंह को सरकारी अस्पताल सितारगंज से चिकित्सकों ने गंभीर अवस्था में हायर सेंटर रेफर कर दिया तथा जिला अस्पताल में ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि घटना में घायल हरपाल सिंह का रुद्रपुर के निजी अस्पताल में गंभीर अवस्था में इलाज जारी है। पीड़ित के अनुसार भाई की मौत के बाद अंतिम संस्कार तथा पारिवारिक दिक्कतों के चलते वह समय पर सूचना दर्ज नहीं कर सका। फिलहाल पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अवैध कच्ची शराब के साथ तस्कर दबोचा

किच्छा(उद संवाददाता)। नशे की रोकथाम के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत लालपुर पुलिस चौकी की टीम ने गश्त के दौरान एक आरोपी को अवैध कच्ची शराब की तस्करी करते दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार लालपुर पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक बसंत प्रसाद के नेतृत्व में पुलिसकर्मी मनोज कुमार एवं पुलिसकर्मी सुरेंद्र भंडारी की टीम ने चौकी अंतर्गत क्षेत्र में शमशान घाट के निकट एक आरोपी को अवैध कच्ची शराब के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी ग्राम खुरपिया, देवरिया, थाना किच्छा निवासी आनंद गोपाल के कब्जे से बरामद प्लास्टिक के कट्टे से 86 पाउच में रखी करीब 35 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर कब्जे में ले ली। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि आरोपी द्वारा कच्ची शराब को महिंद्रा फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर तथा लालपुर के अलग-अलग क्षेत्र में फुटकर में बिक्री की जाती है। पुलिस के अनुसार आरोपी द्वारा ग्राम कोर्टखर्रा क्षेत्र से 30 रुपए लीटर प्रति लीटर के हिसाब से शराब खरीदी गई थी और 50 - 60 रुपए प्रति लीटर के हिसाब से बिक्री करता है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सीएम ने 326 मेधावी बालिकाओं को प्रदान किये स्मार्टफोन

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आयोजित बालिका शिक्षा प्रोत्साहन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 326 मेधावी बालिकाओं को स्मार्टफोन प्रदान किए गए। जनपद स्तर पर हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा के प्रथम तीन टॉपर बालिकाओं एवं विकासखण्ड स्तर पर टॉपर बालिकाओं को मुख्यमंत्री द्वारा पुरस्कृत किया गया।मुख्यमंत्री ने सभी को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस वर्ष भी बेटियों ने अपने परिश्रम, प्रतिभा और संकल्प के बल पर बोर्ड परीक्षाओं में अद्भुत प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा में कुल 90 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए, जिसमें बालिकाओं का सफलता प्रतिशत 93 प्रतिशत से अधिक रहा और इंटरमीडिएट परीक्षा में 83 प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहे, जिनमें बालिकाओं का सफलता प्रतिशत 86 प्रतिशत से अधिक रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज की तरक्की नारी शक्ति से होती है। यदि किसी राज्य की नारी शक्ति प्रगति कर रही है, तो उस राज्य के विकास को कोई भी ताकत नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि बेटियों के शिक्षित होने से आने वाली पीढ़ियों का भविष्य भी संवरता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से राज्य सरकार ने राज्य में सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण देने के साथ ही मुख्यमंत्री नारी सशक्तिकरण योजना, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना, नंदा गौरा योजना जैसी योजनाएँ प्रारम्भ की हैं। इन योजनाओं के माध्यम से प्रदेश की बेटियाँ सरकारी सेवाओं में चयनित हो रही हैं एवं स्वयं सहायता समूहों, स्टार्टअप्स और लघु उद्योगों के माध्यम से भी आत्मनिर्भर बन रही हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नारी सशक्तिकरण की दिशा में कई ऐतिहासिक कदम उठाए जा रहे हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, बालिका समृद्धि योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और समृद्धि को सुनिश्चित किया जा रहा है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम, उज्ज्वला योजना, लखपति दीदी योजना जैसी पहलों के माध्यम से मातृशक्ति का सम्मान किया गया है।मुख्यमंत्री ने कहा महिला छात्रावास के निर्माण, मुफ्त साइकिल योजना और 'बालिका शिक्षा प्रोत्साहन कार्यक्रम' जैसी योजनाओं के माध्यम से राज्य में बालिकाओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कई बेटियाँ आगे चलकर सरकारी नौकरी में जाने का सपना देख रही हैं। उनके सपनों को साकार करने के लिए राज्य में देश का सबसे कठोर नकल-विरोधी कानून लागू किया गया है, जिसका परिणाम है कि पिछले 4 वर्षों में राज्य में लगभग 25 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी पाने में सफलता प्राप्त हुई है।महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में और प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों से महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक कार्य हुए हैं। प्रधानमंत्री द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान चलाया गया। कन्या जन्म को प्रोत्साहित करना, बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देना और महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहन देना इसके मुख्य उद्देश्य हैं, जिन दिशा में तेजी से कार्य हुए हैं। राज्य में भी इस अभियान के बाद बेटियों के लिंगानुपात में सुधार हुआ है।इस अवसर पर विधायक श्रीमती सविता कपूर, राज्य औषधीय पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष श्री प्रताप सिंह पंवार, सचिव श्री चन्द्रेश कुमार तथा महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।







# प्रदेश की सभी सड़कों को शीघ्र करें गड्ढामुक्तः धामी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश की सभी सड़कों को शीघ्र गड्ढा मुक्त किया जाए, ताकि आम जनता को बेहतर यातायात सुविधा मिल सके। बैठक में जानकारी दी गई कि अब तक 52 प्रतिशत पैच वर्क का कार्य पूर्ण हो चुका है।मुख्यमंत्री ने कहा कि शेष कार्यों को त्वरित गति से पूरा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जनपदों के प्रभारी सचिव अपने-अपने जनपदों का नियमित भ्रमण कर जनता से संवाद स्थापित करें और सरकार की विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं।बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में निर्माण और पुनर्निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक आधारभूत संरचनाओं का जल्द पुनर्निर्माण किया जाए, ताकि स्थानीय जनता को राहत मिल सके। मुख्यमंत्री ने क्षतिग्रस्त पुलों के शीघ्र निर्माण और नए पुलों के निर्माण कार्यों में तेजी लाने पर भी बल दिया।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनता को सुरक्षित, सुविधाजनक और बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए सभी विभागों को समन्वय और सजगता के साथ कार्य करना होगा। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु, सचिव शैलेश बगौली, सचिव डॉ. पंकज कुमार पांडेय, अपर सचिव विनीत कुमार एवं लोक निर्माण विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# खरोच लगने पर बस चालक को लाठी डंडो से पीटा

## बिना नंबर प्लेट लगी काले रंग की कार के चालक ने किया ओवरटेक,मुकदमा दर्ज

किच्छा(उद संवाददाता)। ओवरटेक करने के दौरान कार में खरोच के चलते कार चालकों ने बस चालक को लाठी डंडों से पीट-पीट कर अधमरा कर दिया यही नहीं मौके पर बस स्वामियों के पहुंचने पर कार चालकों ने बस स्वामियों को भी लाठी डंडों से पीट-पीटकर घायल कर दिया जिसकी शिकायत पुलिस से की गई तथा पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर कारवाही प्रारंभ कर दी है। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत किच्छा रुद्रपुर मार्ग पर कार चालक द्वारा बस से ओवरटेक करने के दौरान कार पर खरोंच लगने की मामूली बात पर कार सवार लोगों ने लाठी डंडे तथा अवैध तमंचे की नोंक पर बस चालक के साथ जमकर मारपीट करने का आरोप है। मामले की सूचना पर पहुंचे दोनों बस स्वामियों के साथ भी आरोपियों ने मारपीट कर दोनों को घायल कर दिया। इस दौरान आरोपियों पर बस चालक के मुंह में तमंचा डालकर कानूनी कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी देने के बात पीड़ित लोगों ने बताया है। घटना में बस चालक सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में धामपुर, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश तथा वर्तमान में रिलायंस कॉलोनी, रुद्रपुर निवासी पीयूष शर्मा पुत्र धर्मेश शर्मा ने बताया कि वह बस संख्या यूके 06 पी ए 1905 पर बतौर चालक नौकरी करता है। पीड़ित के अनुसार विगत 5 अक्टूबर की रात्रि करीब 10 बजे वह बस लेकर किच्छा से रुद्रपुर की तरफ जा रहा था। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट लगी काले रंग की कार के चालक ने बस के पीछे से तेज गति व लापरवाही से ओवरटेक किया। कार चालक द्वारा लापरवाही से वाहन चलाने के चलते उसकी कार मामूली रूप से खरोच लगाती हुई गुजर गई। पीड़ित पीयूष शर्मा ने बताया कि घटना के बाद बिना नंबर प्लेट काले रंग की कार पर सवार लालपुर निवासी चार लोग धारदार हथियार तथा अवैध तमंचे लेकर कार से उतरे और बस के अंदर घुसकर पीड़ित से गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आरोपियों ने तीन चार अन्य लोगों को भी फोन कर मौके पर बुला लिया। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने लाठी डंडों से हमला कर पीड़ित को गंभीर रूप से घायल कर दिया और पीड़ित के मुंह में तमंचा डालकर गाली गलौज करते हुए बस मालिक को बुलाने की मांग की। बताया कि पीड़ित ने बस स्वामी वसुंधरा कॉलोनी, लालपुर निवासी मयंक अरोड़ा एवं किच्छा निवासी गर्वित अरोड़ा को फोन पर सूचना दी। बताया कि कुछ देर बाद मयंक अरोरा व गर्वित अरोड़ा के मौके पर पहुंचने पर आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर दोनों को अधमरा कर दिया तथा जाते हुए कानूनी कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना में घायलों का गंभीर अवस्था में इलाज जारी है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

# पुलिस की प्रताड़ना से तंग युवक ने गटका विषाक्त, हालत गंभीर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। चोरी के एक मामले में राजपुरा चौकी पुलिस द्वारा बार बार पुलिस चौकी ले जा कर बेरहमी से पीटे जाने की प्रताड़ना से तंग आकर एक युवक ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। उसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। वहीं पुलिस शिकायत के बाद भी मामले से बचती रही। जब मीडिया तक बात पहुंची तो पुलिस जाँच और कार्रवाई की बात कह रही है। बताया जाता है कि राजपुरा पड़ाव वार्ड 13 निवासी बबली नाम की महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि 6 अक्तूबर को उसके दामाद बबलू को राजपुरा चौकी पुलिस उठाकर ले गई। आरोप है कि पुलिस किसी चोरी की घटना में संदेह के तौर पर पूछताछ के लिए बबलू को ले गई और उसके साथ मारपीट की। इतना ही नहीं इसके बाद 8 और फिर 10 अक्तूबर को भी चौकी ले जाकर उसे पीटा और अधमरा कर डाला। परिजनों का आरोप है कि पुलिस की बेवजह की पिटाई से परेशान होकर बबलू ने जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की। उन्होंने आरोपी पुलिसकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई के लिए तहरीर देनी चाही, लेकिन कोतवाली में तैनात अधिकारियों ने इसे रिसीव नहीं किया। शनिवार दोपहर से चक्कर लगा रहे परिजनों की जब पुलिस ने नहीं सुनी तो देर शाम मामला मीडिया में उजागर हो गया। इसके बाद पुलिस ने तहरीर ली और कार्रवाई का आश्वासन दिया। इधर, एसपी सिटी प्रकाश चंद्र का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# धूमधाम से मनाया जाएगा पूर्व विधायक राजेश शुक्ला का जन्मदिन, हवन और भंडारा होगा कल

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी एवं उनके साथियों द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक राजेश शुक्ला का जन्मदिन गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी विशेष रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर श्री शुक्ला के 55 साल पूर्ण होने पर 55 पौंड का केक काटा जाएगा, जिससे कार्यक्रम को भव्यता और खास महत्व मिलेगा। यहां आपको बता दें कि पूर्व विधायक राजेश शुक्ला का जन्मदिन 13 अक्टूबर को उनके किच्छा स्थित आवास पर भक्तिभाव, प्रेम और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत एक दिन पूर्व यानी आज 12 अक्टूबर को अखंड रामायण पाठ के साथ शुरू हो गई है। मुख्य दिवस 13 अक्टूबर को हवन एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। आयोजकों ने सभी शुभचिंतकों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों से सपरिवार उपस्थित होकर अपने स्नेह और आशीर्वाद से इस अवसर को मंगलमय बनाने की अपील की है। राजेश तिवारी ने बताया कि यह आयोजन केवल जन्मदिन का उत्सव नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार और समर्पण के प्रतीक राजेश शुक्ला जी के प्रति सम्मान का भाव भी व्यक्त करेगा। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व विधायक के आवास, गुरुद्वारा रोड, आवास विकास, किच्छा में प्रातः 11 बजे हवन उपरांत किया जाएगा।



# युवा पीढ़ी को कुशल मार्गदर्शन की आवश्यकताः डॉ पांडेय

गदरपुर (उद संवाददाता)। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दिनेशपुर में राज्य शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद देहरादून के निर्देशानुसार आयोजित ब्लॉक स्तरीय सामाजिक विज्ञान महोत्सव का शुभारंभ डॉ संदीप कुमार पांडेय (ब्लॉक नोडल अधिकारी) व श्रीमती हंसी जोशी (प्रव प्रधानाचार्य) ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस प्रतियोगिता में विकासखंड गदरपुर के समस्त राजकीय उच्च प्राथमिक/ माध्यमिक/अटल उत्कृष्ट/ पीएम श्री विद्यालयों में अध्यनरत जूनियर स्तर के छात्र - छात्राओं ने प्रतिभा किया। सामाजिक विज्ञान महोत्सव के अंतर्गत क्विज, भाषण व मॉडल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें प्रिया राय,प्रिया सिंह व रौनक मंडल क्रमशः प्रथम स्थान प्राप्त किया है। डॉ पांडेय ने बताया कि उपरोक्त तीनों छात्र जनपद स्तरीय सामाजिक महोत्सव में प्रतिभा करेंगे। आपने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान युवा पीढ़ी में प्रतिभा व कौशल की कोई कमी नहीं है केवल कुशल मार्गदर्शन की आवश्यकता है।श्रीमती हंसी जोशी( प्रव प्रधानाचार्य) ने अपने संबोधन में आए हुए सभी शिक्षकों को उनके कुशल मार्गदर्शन की बधाई एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को अग्रिम शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान डॉ संजीव सारस्वत,नीरू जोशी, जसपाल शाह, राजेंद्र सिंह, निकिता चंदा, चंपा पांडे, प्रीति ग्रोवर व भास्कर जोशी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सीमा बोरा द्वारा किया गया।



# केदारनाथ में 'पौराणिक परंपराओं' के उल्लंघन पर 'भड़के तीर्थ पुरोहित'

**बीकेटीसी अध्यक्ष पर मंदिर की पौराणिक परंपराओं के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए आंदोलन की दी चेतावनी ,आरोप को निराधार बताते हुएबीकेटीसी अध्यक्ष ने कही दर्शनों के लिए एसओपी लाने की बात**

-अर्श-

केदारनाथ।प्रख्यात उद्योगपति मुकेश अंबानी का हालिया केदारनाथ भ्रमण केदारनाथ में एक नए विवाद को जन्म दे गया है ।बीते शुक्रवार को मुकेश अंबानी के केदारनाथ दौरे के तुरंत बाद केदार सभा ने बदरी केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष पर मंदिर की सदियों पुरानी परंपराओं के उल्लंघन का आरोप लगाया था और राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को एक पत्र लिखते हुए बीकेटीसी अध्यक्ष हटाने की मांग की थी। अब उत्तराखंड चारधाम तीर्थ पुरोहित महापंचायत भी केदार सभा के साथ आ खड़ी हुई है और उसने भी हेमंत द्विवेदी के खिलाफ झंडा बुलंद कर दिया है । दूसरी तरफ बीकेटीसी अध्यक्ष ने उन पर लगाए गए आरोपों का मजबूती से खंडन किया है। उल्लेखनीय है कि बीते शुक्रवार को केदारनाथ सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने कहा था कि बदरी केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष के रूप में जब से हेमंत द्विवेदी की नियुक्ति हुई है उनका व्यवहार ठीक नहीं है और उन्होंने कई विषयों पर अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर बीकेटीसी के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी को हटाने की मांग की थी। इन आरोपों के अगले ही दिन केदार सभा के वरिष्ठ सदस्य और उत्तराखंड चारधाम तीर्थ पुरोहित महापंचायत के उपाध्यक्ष संतोष त्रिवेदी ने एक बार फिर बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी की कार्यशैली से नाराजगी जताई और सरकार से उन्हें पद से हटाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने ऐसा न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है। उनका आरोप है किबीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी केदारनाथ धाम में व्याप्त अव्यवस्थाओं और अनियमितताओं पर ध्यान देने के बजाय, परंपराओं को तोड़ने का काम कर रहे हैं। वीआईपी दर्शन के नाम पर यात्रियों से धन वसूला जा रहा है। आम श्रद्धालुओं को दर्शन नहीं हो पा रहे हैं। त्रिवेदी ने मुकेश अंबानी के केदारनाथ भ्रमण के दौरान हुई घटना का जिक्र करते हुए कहा कि देश के उद्योगपति अंबानी के स्वागत में तीर्थ पुरोहितों और केदारनाथ के मुख्य पुजारी के सम्मान को ठेस पहुंचाई गई है। उनके द्वारा कहा गया कि केदारनाथ में आए किसी भी श्रद्धालु को आशीर्वाद देने और बाघंबर ओढ़ाने का अधिकार मंदिर के मुख्य पुजारी और पंडा पुरोहितों को है ,लेकिन मंदिर समिति के अध्यक्ष द्वारा खुद ही अंबानी को आशीर्वाद देकर बाघंबर ओढ़ाया गया जो कि परंपराओं के विपरीत है। इसके अलावा वीआईपी दर्शन को लेकर भी सवाल खड़े किए गए हैं । वहीं केदार महासभा और चार धाम महा पंचायत के इन तमाम आरोपों का खंडन करते हुए बदरी केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने पूरे मामले पर कहा कि मंदिर समिति और केदार सभा एक दूसरे के पूरक हैं। दोनों ही उत्तराखंड के इन धामों में भक्त और भगवान के बीच में सेतु की जिम्मेदारी निभाते हैं। केदारनाथ में किसी भी तरह से पौराणिक धार्मिक परंपराओं का उल्लंघन नहीं हुआ है। गर्भ गृह में पंडा पुरोहित और जो भी पौराणिक परंपराएं हैं,उन्हीं परंपराओं के तहत अंबानी परिवार को पूजा करवाई गई। इस पूरी प्रक्रिया में मंदिर के गर्भ गृह में पुजारी पंडा पुरोहित लोग शामिल थे।उन्होंने आगे कहा कि कि चारों धामों में जब भी कोई गणमान्य व्यक्ति आता है तो बदरी केदार मंदिर समिति की भी यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वह इन गणमान्य लोगों का स्वागत करें। इसी के तहत उनके द्वारा मंदिर प्रांगण में बतौर मंदिर समिति अध्यक्ष अंबानी परिवार का स्वागत सम्मान किया गया। यह किसी भी तरह से पौराणिक परंपराओं का उल्लंघन नहीं है। वीआईपी दर्शन से संबंधित व्यवस्था पर उन्होंने कहा कि वीआईपी दर्शन को लेकर जिस तरह से सवाल खड़े किए जा रहे हैं ,तो निश्चित तौर से वह इस व्यवस्था के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि उन्हें जिम्मेदारी मिलने से पहले से जो व्यवस्था थी, वही अब भी चल रही हैं। उनके अनुसार देश में मौजूद सभी सिद्ध मंदिरों में दर्शनों की एसओपी हैं और उसमें गणमान्य लोगों के दर्शन हों या फिर आम लोगों के,उसको लेकर स्पष्ट दिशा निर्देश पहले से ही जारी होते हैं। उसी तरह से उत्तराखंड के बदरी केदार धाम में भी व्यवस्था के लिए उनके द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। जहां तक बात केदार सभा के आरोपों का है तो वह सब हमारे परिवार के लोग हैं और परिवार के लोगों में नाराजगी आम बात है। उन्होंने कहा कि वह जल्दी सबसे मिल बैठकर उनकी जो भी शिकायतें हैं उन पर काम करेंगे।



# महतोष-मानूनगर-पछियापुर गुरुद्वारा मार्ग निर्माण का शुभारंभ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।वर्षों से जर्जर स्थिति में पड़े महतोष- मानूनगर-पछियापुर मार्ग के बहुप्रतीक्षित निर्माण कार्य का शुभारंभ शुक्रवार को विधिवत रूप से हो गया। इस मार्ग के निर्माण के लिए 10.72 करोड़ रुपये की धनराशि केंद्र सरकार के सीआईएफ फंड के तहत स्वीकृत हुई है। लगभग 3.9 किलोमीटर लंबे इस मार्ग का निर्माण कार्य अब शुरू हो चुका है, जिससे न केवल स्थानीय निवासियों को राहत मिलेगी, बल्कि पछियापुर गुरुद्वारा को जाने वाले लाखों श्रद्धालुओं को भी आवागमन में सुगमता प्राप्त होगी। इस अवसर पर स्थानीय विधायक शिव अरोरा ने फीता काटकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि यह मार्ग इस क्षेत्र की श्लाइफलाइनश है, जो लंबे समय से उपेक्षित था। खराब सड़क के चलते दुर्घटनाएं और आवागमन की समस्याएं आम हो गई थीं। विधायक बनने के बाद उन्होंने इसे प्राथमिकता में रखते हुए केंद्र से फंड स्वीकृत करवाया और मात्र साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल में इस महत्वपूर्ण सड़क को निर्माण के लिए मंजूरी दिलाई। कार्यक्रम में विशेष रूप से केंद्रीय मंत्री और सांसद अजय भट्ट ने भी मोबाइल फोन के माध्यम से जनता को संबोधित किया। बिहार चुनावों में पार्टी कार्य के कारण उनकी उपस्थिति संभव नहीं हो सकी, लेकिन उन्होंने दूरभाष पर मार्ग निर्माण के लिए जनता को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह वर्षों पुरानी मांग अब पूरी हो रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि निर्माण कार्य के दौरान वे स्वयं एक बार जनता के बीच उपस्थित होंगे और कार्य की प्रगति का निरीक्षण करेंगे।इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने विधायक शिव अरोरा का फूल मालाओं से स्वागत किया और लड्डू खिलाकर आभार व्यक्त किया। लोगों ने कहा कि वर्षों की मांग को साकार होते देखना गर्व का विषय है और इससे क्षेत्र में विकास की नई राह खुलेगी। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा, प्रीत ग्रोवर, जगदीश विश्वास, राजेश बजाज, गुरबाज दुमरा, गुरनाम कालरा, अशोक बजाज, हरीश भट्ट, राजकुमार, आयुष चिलाना, रमेश कन्याल, जुल्फेकार अली, राजेंद्र सैनी, मनमोहन वाधवा, सुब्रत विश्वास, कौशल विश्वास, सुशील गाबा, मयंक कक्कड़, भोला सहित कई गणमान्य नागरिक, समाजसेवी और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।





# राइस मिल एसो. के नवनिर्वाचित अध्यक्ष शरद यादव का किया स्वागत

किच्छा(उद संवाददाता)। राइस मिल एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष युवा राइस मिलर शरद यादव का पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने अपने किच्छा आवास पर शाल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष शरद यादव ने कहा कि राइस मिल एसोसिएशन का अध्यक्ष बनना मेरे लिए गर्व की बात है। मैं सभी मिल संचालकों के सहयोग से संगठन को मजबूत करने,



उद्योग से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देने और क्षेत्र के आर्थिक विकास में अपना पूर्ण योगदान देने का प्रयास करूंगा।वहीं पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने शरद यादव को बधाई देते हुए कहा कि युवा नेतृत्व के हाथों में संगठन को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। मुझे विश्वास है कि शरद यादव अपने कार्यकाल में राइस मिलर्स के हितों की रक्षा करते हुए एसोसिएशन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।इस दौरान आशीष जैन, साहिल अरोरा, रितेश मित्तल, विकास मित्तल, राजेश तिवारी, नारायण पाठक, मुकेश कोली समेत क्षेत्र के अनेक व्यापारी, राइस मिल संचालक एवं गणमान्य लोगउपस्थित थे।

# बालिकाओं के सम्मान में आयोजित हुए अनेक कार्यक्रम

**जिला चिकित्सालय में नवजात कन्याओं को दी किट**

रुद्रपुर। अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के शुभ अवसर पर पीसीपीएनडीटी अधिनियम 1994 के अंतर्गत बालिकाओं के सम्मान में जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।सर्वप्रथम वी-3 कालेज ऑफ नर्सिंग रूद्रपुर कालेज में कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम एवं बेटी बचाओं विषय पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. केके अग्रवाल की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कालेज की नर्सिंग एवं पैरामेडिकल इत्यादि लगभग 150 छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें प्रतिभागियों द्वारा कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम विषय पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये। उत्कृष्ट विचार रखने वाले तीन छात्राओं ज्योति जीएनएम-1, हरपिन्दर कौर जीएनएम-1 ,तनिषा बीएससी-IV सेमिस्टर को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरूस्कार दिया गया।मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुये सभी से बेटीओं को आगे बढ़ाने एवं बेटियों को समाज में एक समान अवसर प्रदान करने की अपील की गयी। गोष्ठी में मान्या अग्रवाल द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये गये। गोष्ठी में डा. दीपक छाबड़ा एमडी मेडिसिटी, कालेज की प्राचार्य डा. विन्दु राज, डा. पीपी त्रिपाठी, गोपाल आर्या अधिशासी सहायक पीसी पीएनडीटी, उत्कर्ष त्रिपाठी कनिष्ठ सहायक उपस्थित रहें। मंच का संचालन अनमोलप्रीत कौर एवं सुखप्रीत कौर द्वारा किया गया। प्रदीप महर जिला समन्वयक द्वारा पीसी पीएनडीटी अधिनियम एवं लिंगानुपात के डाटा के सम्बन्ध में प्रतिभागियों को जानकारी दी गयी एवं कन्या भ्रूण हत्या से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की सूचना पाये जाने तत्काल मुख्य चिकित्साधिकारी को सूचना दिये जाने की अपील की गयी एवं मुखविर योजना के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के उपरान्त जिला चिकित्सालय रूद्रपुर में जन्मी 11बालिकाओं को डा. केके अग्रवाल मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बेबी किट प्रदान की गयी, एवं सभी को अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभ कामनाएँ प्रेषित की गयी। इस अवसर पर डा.पीके सिन्हा प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक, डा. अखिलेश कुमार वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट , संजय रावत, विनय कुमार, मैट्रन, नर्सिंग स्टॉफ सहित अन्य कार्मिक उपस्थित थे।





# चेकिंग अभियान में ई दुकानों से लिये सेंपल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। त्यौहारों के मद्देनजर मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत सहायक आयुक्त खाद्य एवं संरक्षा डा. प्रकाश चन्द्र फुलारा के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने खटीमा में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। इस दौरान मावा, बर्फी, लॉज, लड्डू, मिल्ककेक, सरसों का तेल, आदि के कुल छह सेंपल लेकर उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। इस दौरान टीम ने प्रतिष्ठानों के स्वामियों को संदिग्ध खाद्य पदार्थों की बिक्री नही करने की हिदायत दी। साथ ही कारोबारियों को एफएसएसएआई के मानकों के अनुसार ही खाद्य पदार्थों की बिक्री करने को कहा। कहा कि मानकों के अनुरूप खाद्य पदार्थों की बिक्री न करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही कारोबारियों को दैनिक रिकार्ड रखने के लिए भी निर्देशित किया। चेकिंग अभियान में डा. प्रकाश फुलारा के साथ वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती अपर्णा सिंह, श्रीमती आशा आर्या, पंकज कुमार आदि भी शामिल रहे।





# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## शांति का नोबेल

वेनेजुएला में विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को वर्ष 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार देने का एलान न केवल शांति के पक्ष में उनके दृढ़ संकल्प को दर्शाता है, बल्कि महिला सशक्तीकरण की दृष्टि से भी इसे एक मिसाल के तौर पर देखा जा रहा है। शांति का अर्थ व्यापक है, इसमें संघर्ष और हिंसा से दूर रहना, समाज में सद्भाव एवं समानता, मानवाधिकारों की रक्षा, समृद्धि और न्याय जैसे तत्त्व भी शामिल होते हैं। मचाडो को अपने देश में लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा और विपक्ष को एकजुट कर संपूर्ण व्यवस्था में सुधार लाने के वास्ते शांतिपूर्ण प्रयासों के लिए यह पुरस्कार मिला है।उन्हें एक ऐसी शख्सियत के तौर पर देखा जा रहा है, जिन्होंने तमाम मुश्किलों और बाधाओं को अपने साहस एवं जज्बे से मात देकर शांति की राह पर आगे बढ़ने की सीख दी है। उन्हें एक ऐसी महिला के रूप में भी मान्यता मिली है, जो व्यवस्थागत अंधकार के बीच लोकतंत्र की लौ जलाए रखने में सक्षम हैं। इससे पहले उन्हें यूरोपीय संघ के सर्वोच्च मानवाधिकार पुरस्कार 'सखारोव' से भी सम्मानित किया जा चुका है। मारिया मचाडो वेनेजुएला में राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार थीं, लेकिन चुनाव प्रक्रिया के दौरान उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। इससे पहले उन्होंने गहन तौर पर विभाजित रहे विपक्ष को एकजुट करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने एक ऐसा विपक्ष खड़ा किया, जिसने स्वतंत्र चुनाव और प्रतिनिधि सरकार की मांग को समान रूप से उठाया। बाद में उन पर कई तरह के प्रतिबंध लगा दिए गए। उनकी जान को गंभीर खतरा था, इसके बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और वे शांतिपूर्ण तरीके से लोकतांत्रिक अधिकारों की लड़ाई लड़ती रहीं। यह सच है कि किसी भी पुरस्कार का असली हकदार वही होता है, जिनके अभूतपूर्व कार्यों और उनके प्रभाव की तस्वीर धरातल पर साफ नजर आती हो। सिर्फ दावों का डंका बजाकर किसी समाज, राष्ट्र या दुनिया में धारणा का एक अस्थिर ढांचा खड़ा करने की कोशिश करने वालों की सच्चाई छिप नहीं पाती है। मचाडो को मिला यह प्रतिष्ठित पुरस्कार वास्तव में महिलाओं को हर परिस्थिति में संघर्ष करते रहने की प्रेरणा भी देता है

## एक सप्ताह में लाखों की स्ट्रीट लाईटें चोरी

नानकमत्ता( उद संवाददाता)। नगर पंचायत में सड़क किनारें व गांव में लगी लाखों रूपये की स्ट्रीट लाईटे खम्बें से चोरी ने चोरी कर ली गयी। पिछले एक सप्ताह में दो दर्जन से अधिक लाईटें चोरी के मामले की रिपोर्ट नगर पंचायत ने थाने में कराई है। गौरतलब है कि नगर पंचायत द्वारा तीन माह पूर्व रोषनी के लिए नगर पंचायत के वार्ड 2 व वार्ड 1 में खम्बें लकाकर स्ट्रीट लाईटे लगाई गई थी। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना ने बताया कि पिछले एक सप्ताह में गुरूद्वारें के पीछे रोड पर लगई 22 लाईटें खम्बों से चोरी कर ली गयी। जिसकी सूचना अधिशासी अधिकारी राकेश कोठियाल ने थाने में दी है। इधर शनिवार की रात्रि चोरो ने मिल्क नजीर गांव से खम्बें में लगी 4 लाईटें चोरी कर पुलिस को चुनोती दे डाली। पुलिस द्वारा एक सप्ताह बाद भी लाईट चोरो के खिलाफ कोई कार्यवाही न करने से लाईट चोरी की लगातार घटना हो रही है।

# 14 दिव्यांग पूर्व सैनिकों को स्कूटर वितरित

## 20 वीर नारियों तथा उत्कृष्ट कार्य कर रहे भूतपूर्व सैनिकों को भी किया सम्मानित






देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को जसवंत सिंह ग्राउंड, गढ़ी कैंट में आयोजित "देवभूमि मेगा पूर्व सैनिक रैली" में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, सीडीएस जनरल अनिल चौहान सहित हजारों की संख्या में पूर्व सैनिक एवं वीर नारियाँ उपस्थित रहीं। उत्तराखण्ड सब एरिया द्वारा आयोजित इस रैली के दौरान राज्यपाल एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने वार वूण्डेड संस्था की ओर से 14 दिव्यांग पूर्व सैनिकों को स्कूटर वितरित किए। साथ ही 20 वीर नारियों तथा उत्कृष्ट कार्य कर रहे भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित भी किया गया। वहीं सैनिक कल्याण विभाग द्वारा उत्तराखण्ड सब एरिया को गोल्फ कार्ट भी प्रदान किए गए। यह गोल्फ कार्ट पूर्व सैनिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उपनल (उत्तराखण्ड पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड) के माध्यम से वित्त पोषित की गयी है।राज्यपाल ने इस अवसर को "ऐतिहासिक" बताते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों का एकत्र होना गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों का त्याग, अनुशासन और देशप्रेम हमारे समाज के लिए अमूल्य प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि जो संस्कार और अनुशासन आप सभी ने अपने जीवन में स्थापित किए हैं, वे आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करेंगे। राज्यपाल ने कहा कि यह हमारा कर्तव्य है कि हम आपके योगदान को सदैव स्मरण रखें और समाज के हर वर्ग को यह प्रेरणा दें कि 'राष्ट्र प्रथम' की भावना से ही भारत विश्व गुरु बनेगा। राज्यपाल ने वीर नारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर अपनी आर्थिकी को सशक्त करें और आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों का आह्वान किया कि वे अपनी नेतृत्व क्षमता, अनुभव, अनुशासन और दृष्टिकोण को समाज के साथ साझा करें, जिससे युवा पीढ़ी को दिशा और प्रेरणा मिले। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन में पूर्व सैनिकों की शिकायतों के समाधान हेतु एक शिकायत निवारण अधिकारी की तैनाती की गई है, जो उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों के लिए राजभवन के दरवाजे सदैव खुले हैं। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सैनिकों के राष्ट्र निर्माण में योगदान की सराहना की और कहा कि उत्तराखण्ड, जो "वीरों की भूमि" है, ने हर युद्ध और संकट में अपनी वीरता से राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है। सीडीएस ने कहा कि भारतीय सशस्त्र सेनाएं आज तेजी से आधुनिक युद्ध प्रणाली और तकनीक की ओर बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि हम एक शांतिप्रिय राष्ट्र हैं, लेकिन अपनी संप्रभुता पर किसी भी प्रकार का खतरा बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने पूर्व सैनिकों की सराहना व्यक्त करते हुए कहा कि वे राष्ट्र की सीमा पर वो आँखें हैं जो राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने पूर्व सैनिकों की निस्वार्थ सेवा और राष्ट्र के प्रति समर्पण की सराहना की और युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। सीडीएस ने कहा कि देहरादून मिलिट्री स्टेशन में इंटीग्रेटेड वेटरन्स वेलनेस एंड सेवा केंद्र स्थापित किया जाएगा। यह केंद्र पूर्ण रूप से तकनीक आधारित और पूर्व सैनिकों की सुविधा के लिए समर्पित होगा। उन्होंने मुख्यालय उत्तराखण्ड सब एरिया पर इस परियोजना को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने का विश्वास जताया। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि सरकार सेवारत और पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए सदैव तत्पर है। रैली में जीओसी-इन-सी सेंट्रल कमांड ले. जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता, जीओसी उत्तर भारत एरिया ले. जनरल डी.जी. मिश्रा, जीओसी उत्तराखण्ड सब एरिया मेजर जनरल एम.पी.एस. गिल, वॉर वूंडेड फाउंडेशन के अध्यक्ष ले. जनरल असित मिस्त्री (से नि) व ब्रिगेडियर हरचरण सिंह (से नि) सहित अनेक गणमान्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित रहे। रैली में 21 कंपनियों द्वारा जॉब फेयर, बैंकिंग सुविधाएं, राज्य सरकार की योजनाओं से संबंधित स्टॉल और नि:शुल्क चिकित्सा शिविर भी आयोजित किए गए।

# विरासत महोत्सव में संस्कृति, संगीत, शायरी और सवाल जवाब का अद्भुत संगम

देहरादून। विरासत महोत्सव का आज का दिन कला, संस्कृति और बौद्धिकता की त्रिवेणी बन गया। सुबह की शुरुआत हुई 'प्रश्नोत्तरी 2025' से, जिसमें देहरादून के 18 प्रतिष्ठित स्कूलों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। उत्साह से लबरेज इस प्रतियोगिता में ओक ग्रोव स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम की छात्राएं आयुषी गुप्ता और चार्वी प्रताप सिंह (कक्षा 12) रहीं, जबकि उपविजेता रही दून इंटरनेशनल स्कूल की टीम, जिसका प्रतिनिधित्व ऐश्वर्या प्रताप सिंह और आद्या राय (कक्षा 12) ने किया। इस क्विज का संचालन किया क्विज मास्टर डॉ. सरगम मेहरा ने। लिखित परीक्षा के बाद चार टीमें फाइनल राउंड में पहुंचींख्र समर वैली स्कूल, दून इंटरनेशनल और ओक ग्रोव स्कूल की दो टीमें। उत्तराखंड और भारत की ऐतिहासिक-सांस्कृतिक विरासत से जुड़े रोचक प्रश्नों ने न केवल छात्रों की जानकारी का परीक्षण किया, बल्कि उनके टीम वर्क और समर्पण को भी सामने लाया। विजेता टीमों को प्रमाणपत्र प्रदान किए विरासत की समन्वयक सुश्री राधा चटर्जी ने, और उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए इस आयोजन को युवा ऊर्जा, ज्ञान और संस्कृति का उत्सव बताया। शाम होते-होते विरासत का रंग पूरी तरह बदल गया। भव्य मंच पर जीवंत हुआ महाभारत काल का प्रसिद्ध "चक्रव्यूह" ख्र एक ऐसा दृश्य जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भीड़ हजारों में थी, लेकिन सन्नाटा मंच के प्रति एकाग्रता का प्रमाण बन गया। इस अनोखी प्रस्तुति का निर्देशन किया लोकनाट्य विशेषज्ञ पंकज कुमार नैथानी ने, और इसकी पटकथा तैयार की गढ़वाली लोक रंगमंच के संरक्षक प्रो. डीआर पुरोहित ने। श्रीनगर (गढ़वाल) के 'श्रीकाला' रंगमंच समूह ने अपने 41 कलाकारों के साथ 'चक्रव्यूह' को न केवल मंच पर प्रस्तुत किया, बल्कि इसे जीवंत कर दिया। इस नाट्य में अभिमन्यु की भूमिका निभाई अंकित भट्ट ने, जिनका साहस और अभिनय हर किसी को अभिभूत कर गया। अन्य प्रमुख कलाकारों में पंकज नैथानी (जयद्रथ), गौरव नेगी (द्रोणाचार्य), गणेश बलूनी (कर्ण), हरीश पुरी (दुर्योधन), साक्षी पुंडीर (द्रौपदी) और सुधीर डंगवाल (अर्जुन) शामिल रहे। इस मंचन में पारंपरिक गढ़वाली वाद्ययंत्रों ख्र ढोल, दमाऊ, हुड़का, बांसुरी और भंकोरे ख्र का अद्भुत समन्वय रहा, जिसे आरसी जुयाल, कैलाश ध्यानी, और किशोरी लाल जैसे वादकों ने सजीव बनाया। 'चक्रव्यूह' मंचन केवल एक अभिनय नहीं, बल्कि उत्तराखंड की लोक परंपरा, धार्मिक कथा और वीरता की एक ऐतिहासिक पुनरावृत्ति थी। यह प्रदर्शन न केवल वीर अभिमन्यु को श्रद्धांजलि थी, बल्कि गढ़वाली पांडव लीला की परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का माध्यम भी बना। सांस्कृतिक संध्या का विधिवत शुभारंभ ओएनजीसी के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सुभाष कुमार ने किया। इस अवसर पर आयोजन संस्था 'रीच' के संरक्षक आरके सिंह और संयुक्त सचिव विजयश्री जोशी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में श्रीमती गीता पुष्कर धामी की उपस्थिति ने समारोह की शोभा को और भी बढ़ा दिया। संगीत प्रेमियों के लिए संध्या एक और सौगात लेकर आई ख्र विश्वविख्यात वायलिन वादक पद्मभूषण डॉ. एन. राजम की मनोहारी प्रस्तुति। राग दरबारी कानड़ा से प्रारंभ कर उन्होंने भजन ष्ठुमक चलत रामचंद्र बाजत पीढ़ानियाष से महफिल को भावविभोर कर दिया। उनकी पोती रागिनी शंकर ने संगत की, और तबले पर पंडित मिथिलेश झा का साथ रहा। एन. राजम की प्रस्तुति ने दर्शकों को बनारस की गहराइयों और हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की भावनात्मक ऊंचाइयों से रूबरू कराया। एक ओर जहां उनका संगीत गायकी अंग में डूबा हुआ था, वहीं रागिनी शंकर ने युवा ऊर्जा से उसे नई ऊंचाई दी। इसके बाद मंच संभाला बनारस घराने के उस्तादों ख्र कश्यप बंधुओं ने। डॉ. प्रभाकर कश्यप और डॉ. दिवाकर कश्यप की जोड़ी ने राग बिहाग और राग मेघ में अपनी प्रस्तुति दी। तबले पर पं. शुभ महाराज, हारमोनियम पर सुमित मिश्रा और तानपुरा पर पद्माकर कश्यप व पीयूष मिश्रा की संगत रही। 'काहे मोरे मन बतानी' और 'गगन गरज दमकत दामिनी' जैसी रचनाओं ने दर्शकों को सुरों की नदी में बहा दिया। कश्यप बंधु न केवल मंच पर संजीवनी जैसे होते हैं, बल्कि उन्होंने बनारस की ठुमरी, टप्पा, दादरा और भजन परंपरा को विश्वभर में प्रतिष्ठा दिलाई है। सांझ ढलते-ढलते विरासत की महफिल में घुल गई शायरी की खुशबू। मुशायरे का आगाज हुआ पद्मश्री शीन काफ निजाम की आवाज और अल्फाज से। उनकी शायरी में अदब की गहराई और दिल की सच्चाई झलकती रही। इसके बाद मंच पर उतरे फरहत एहसास, मदन मोहन दानिश, शकील आजमी और रश्मि सबा जिन्होंने एक के बाद एक शेर और गजलों से श्रोताओं के दिलों में जगह बना ली। "आसमान फुर्सत में है" जैसी रचनाओं से लेकर रश्मि सबा की "रात ने कहा मुझसे..." तक, हर पंक्ति ने विरासत की शाम को और भी रोशन कर दिया।











# किसान मेले में फसलों के बीजों की जबरदस्त बिक्री

पंतनगर(उद संवाददाता)। विश्वविद्यालय में चल रहे अखिल भारतीय किसान मेला एवं उद्योग प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय के विभिन्न केंद्रों के स्टालों से रबी की विभिन्न फसलों के बीजों की बिक्री हो रही है। मेले के दूसरे दिन आज दोपहर तक फसल अनुसंधान केन्द्र, प्रजनक बीज उत्पादन केन्द्र, विश्वविद्यालय फार्म तथा एटिक द्वारा लगभग 71 लाख 50 हजार रुपये के विभिन्न रबी फसलों के बीजों की बिक्री की गयी। इसके अतिरिक्त औषधीय एवं सगंध पौध अनुसंधान केन्द्र, आदर्श पुष्प वाटिका, सब्जी अनुसंधान केन्द्र, उद्यान अनुसंधान केन्द्र तथा कृषि वानिकी अनुसंधान केन्द्र के स्टालों से लगभग 1 लाख 50 हजार रूपये के बीज व पौधों की बिक्री की गई। साथ ही प्रकाशन निदेशालय तथा एटिक के स्टाल से लगभग 12 हजार रूपये के प्रकाशनों की बिक्री की गई। इनके अतिरिक्त मेले में लगे निजी क्षेत्र के विभिन्न स्टालों द्वारा भी विभिन्न प्रकार के बीजों एवं पौधों की बिक्री की गयी।मेले के दौरान शैक्षणिक पशुधन प्रक्षेत्र पर आज संकर बछियों की नीलामी में किसानों ने प्रतिभाग किया। मेले के दूसरे दिन दोपहर तक लगभग 4 हजार से अधिक किसानों ने अपना पंजीकरण कराया। इसके अतिरिक्त लगभग 2 हजार अपंजीकृत किसानों द्वारा भी मेले का भ्रमण किये जाने का अनुमान है। किसानों द्वारा अधिक संख्या में किसान मेले के प्रति रुचि को देखकर कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी है।विशेश व्याख्यानमाला के अंतर्गत 'पशुओं के रोग एवं उनका प्रबंधन' तथा 'आय वृद्धि हेतु नवीनतम फलोत्पादन तकनीकिया' विषय पर विस्तार से किसानों को बताया गया तथा मार्गदर्शन दिया गया। गांधी हाल में किसान गोष्ठी में किसानों द्वारा फसल, पुष्प, उद्यान, पशुपालन, प्राकृतिक खेती से संबंधित प्रश्नों का कृषि वैज्ञानिकों द्वारा उत्तर एवं शंका का समाधान किया गया। विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत कृषकों को मशरूम अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र, एन.ई.बी. फसल अनुसंधान केन्द्र, आदर्श पुष्प विज्ञान केन्द्र, सब्जी अनुसंधान केन्द्र, औषधीय पौध अनुसंधान एवं विकास केन्द्र, कृषि वानिकी अनुसंधान केंद्र, उद्यान अनुसंधान केन्द्र, पत्थरचट्टा, ट्रीट केन्द्र, मधुमक्खी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र, शैक्षणिक मत्स्य फार्म एवं हैचरी, नगला, शैक्षणिक डेरी फार्म एवं चारा बैंक तथा शैक्षणिक कुक्कुट फार्म, नगला पर भ्रमण भी कराया गया। विश्वविद्यालय के 9 कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा एक संयुक्त स्टाल लगाया है। यह स्टाल केन्द्रों द्वारा राज्य में कृषि के सतत व सर्वांगीण विकास की गाथा की झलक प्रस्तुत करता है। स्टाल में श्री अन्न (मोटे अनाज) किसानों को आकर्षित का केन्द्र बना हुआ है जहां मुख्य मोटे अनाज ज्वार, बाजरा, रागी एवं लघु मोटे अनाज सांवा, काकुन, चीना, कुटकी, कोदो का प्रदर्शन किया गया है। स्टाल में मधुमक्खी पालन इकाई, मशरूम उत्पादन के माध्यम से उच्च संरक्षित कृषि उत्पाद के आयाम दर्शाए गए हैं। स्टाल पर हाइड्रोपोनिक खेती की जानकारी दी जा रही है। जैविक खेती से उत्पादित फलों एवं सब्जियों के साथ ही खाद्य प्रसंस्करण की विधि से निर्मित जैम, आचार, प्रसंस्करित खाद्य उत्पाद व हथकरघा एवं मोमबत्ती को पोषण सुरक्षा व पारिवारिक आयोपार्जन को दर्शाने के लिए रखा गया है। स्टॉल में उत्तराखण्ड राज्य की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा मंडुवा से बने विभिन्न प्रकार के उत्पादों का प्रदर्शन भी किया जा रहा है। कृषि महाविद्यालय के स्टाल पर स्मार्ट कृषि एवं डिजिटल क्रांति द्वारा समृद्ध किसान थीम पर विद्यार्थियों द्वारा मॉडल तैयार कर किसानों को इसके प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा किसान मेले में विभिन्न फर्मों द्वारा कृषि यंत्रों पर विशेष छूट एवं सब्सिडी प्रदान की जा रही है।





## व्यापारियों ने दीवाली पर अतिक्रमण अभियान रोकने को लेकर सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल महानगर ईकाई ने एक ज्ञापन राहुल शाह उप जिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को प्रेषित किया और इस संदर्भ में नगर आयुक्त ऋचा सिंह को भी अवगत कराया। जिसमें जिलाधिकारी से निवेदन किया गया है कि दीपावली का त्यौहार भारतवर्ष का सबसे बड़ा त्यौहार है। सभी वर्ग के व्यापारियों की रोजी रोटी इससे जुड़ी हुई है। जो निकट ही आ रहा है। क्षेत्र के हजारों व्यापारियों की रोजी रोटी का ध्यान रखते हुए दीपावली त्यौहार तक के लिए अतिक्रकमण अभियान को रोकने की कृपा करें तथा खील, खिलौने आदि का बाजार श्री रामलीला ग्राउंड में लगवाने की अनुमति देने की कृपा करें। जिससे बाजार की व्यवस्था सुचारू हो सके। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष विपिन गुप्ता, महामंत्री हर्षवर्धन पांडे, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री मनोज जायसवाल, उपेंद्र कनवाल, राकेश बेलवाल, प्रशांत अग्रवाल, नईम खान, मिंटू देवल, किशन जायसवाल, सौरभ अग्रवाल, प्रकाश बेलवाल आदि शामिल थे



## विश्व होस्पाइस एवं पैलिएटिव केयर डे पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। विश्व होस्पाइस एवं पैलिएटिव केयर डे के अवसर पर जवाहरलाल नेहरू जिला चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख अधीक्षक डॉ. राजेश सिंह द्वारा की गई।कार्यक्रम के दौरान पैलिएटिव केयर के महत्व, उद्देश्य एवं रोगियों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर विषय से संबंधित प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। जिसमें रोगियों की देखभाल के मानवीय एवं चिकित्सकीय पहलुओं को रेखांकित किया गया। वरिष्ठ एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. नागेंद्र चौधरी द्वारा अपने महत्वपूर्ण क्लिनिकल इनपुट साझा किए गए। कार्यक्रम में डॉ. वीके पुनेरा, डॉ. संजीव गोस्वामी, डॉ. गगनदीप मिश्रा, संजय रावत, विनय कुमार, सतेंद्र कुमार सहित चिकित्सालय के समस्त स्टाफ ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया।



## वाहन चोरों ने दो बाईकों पर किया हाथ साफ

किच्छा(उद संवाददता)। कोतवाली अंतर्गत अलग-अलग क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने दो मोटर साइकिल पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित बाइक स्वामी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली अंतर्गत ग्राम राघव नगर निवासी महेश यादव पुत्र स्व0 राजनारायण यादव ने बताया कि एक अक्टूबर की सुबह उसने अपनी हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस बाइक संख्या यूके 06 एन 7480 को लॉक लगाकर आनंदपुर मोड पर बाइक सर्विस की दुकान के सामने खड़ा किया था और ड्यूटी पर चला गया। पीड़ित के अनुसार शाम करीब 6 बजे जब वह बाइक लेने मौके पर पहुंचा तो ज्ञात हुआ कि अज्ञात चोरों ने लॉक तोड़कर उसकी बाइक पर हाथ साफ कर दिया है। दूसरी घटना में ग्राम गिद्धपुरी, थाना किच्छा निवासी राजेंद्र कुमार पुत्र श्याम लाल ने बताया कि 2 अक्टूबर की शाम करीब 6 बजे वह अपनी हीरो होंडा स्प्लेंडर बाइक संख्या यूके 06 ए टी 3193 लेकर दशहरा मेला देखने किच्छा आया था। इस दौरान उसने नई मंडी गेट के सामने लॉक लगाकर बाइक को खड़ा कर दिया और मेला देखने चला गया। पीड़ित के अनुसार करीब एक घंटे बाद जब वह मौके पर पहुंचा तो ज्ञात हुआ कि अज्ञात चोरों ने बाइक का लॉक तोड़कर उसकी बाइक को चुरा लिया। पुलिस ने पीड़ित बाइक स्वामियों की शिकायत पर अभियोग पंजीकृत कर चोरी गई मोटर साइकिल एवं आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में नाबालिग छात्रा लापता

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली अंतर्गत लालपुर क्षेत्र में इण्टर मीडिएट की 17 वर्षीय नाबालिग छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों की काफी खोजबीन के बाद भी नाबालिग का कोई सुराग नहीं लगने पर नाबालिग के पीड़ित पिता ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराते हुए कोतवाली पुलिस से पुत्री को सकुशल बरामद करने की फरियाद लगाई है। पुलिस ने लापता नाबालिग की तलाश प्रारंभ कर दी है। कोतवाली अंतर्गत लालपुर चौकी क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को सूचना दर्ज कराते हुए बताया कि 7 अक्टूबर की देर शाम करीब 8 बजे उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री अचानक घर से लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी नाबालिग पुत्री का कोई सुराग नहीं लगा है। पीड़ित पिता ने पुत्री के साथ अनहोनी की आशंका जाहिर करते हुए पुत्री को जल्द से जल्द सकुशल बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने गुमशुदगी सूचना दर्ज कर नाबालिग की तलाश शुरू कर दी है।

## लोहिया के विचार ही समाजवाद की असली धरोहर: मतीन सिद्दीकी

हल्द्वानी। समाजवादी चिंतक और महान स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राममनोहर लोहिया की 58वीं पुण्यतिथि पर रविवार को आजाद नगर स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर उत्तराखंड सपा प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी के नेतृत्व में भारी संख्या में सपा कार्यकर्ता एकत्र हुए। सभा की शुरुआत डॉ. लोहिया के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पण कर की गई। इसके उपरांत एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें सपा कार्यकर्ताओं ने उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प दोहराया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकघे ने कहा कि डॉ. राममनोहर लोहिया सिर्फ एक नेता नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग के लिए आवाज उठाने वाले क्रांतिकारी चिंतक थे। उन्होंने बताया कि लोहिया जी बचपन से ही अन्याय और शोषण के खिलाफ मुखर थे। लोहिया जी रात-रात भर सड़कों पर घूमकर गरीबों की दशा समझते थे। उनके जीवन का हर क्षण समाज में गैर-बराबरी और शोषण के खिलाफ संघर्ष में बीता। सिद्दीकी ने कहा कि डॉ. लोहिया के विचारों को आगे बढ़ाने का कार्य सपा संस्थापक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव ने किया, और अब उस धरोहर को माननीय अखिलेश यादव पूरी मजबूती से संभाले हुए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक हम लोहिया और नेताजी (मुलायम सिंह यादव) के अधूरे सपनों को पूरा नहीं करते, तब तक उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अधूरी रहेगी। सभा में वक्ताओं ने कहा कि आज जब देश सामाजिक और आर्थिक असमानताओं से जूझ रहा है, ऐसे में डॉ. लोहिया के विचार पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। इस अवसर पर जावेद सिद्दीकी, अरशद अय्यूब, जावेद मिकरानी, अलीम अंसारी, उमैर मतीन, इस्लाम मिकरानी, रेहान मलिक, संजय गुप्ता, आसिम सिद्दीकघी, एडवोकेट जावेद अहमद, दीपक अग्रवाल, अथर खान, नाजिम सलमानी समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## गांजा तस्करी के आरोपियों को पांच-पांच की सजा

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। गांजा तस्करी के एक मामले में विशेष न्यायाधीश ने फैसला सुनाया है। न्यायालय ने दो आरोपियों को पांच-पांच की सजा के साथ ही दस-दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। जिला शासकीय अधिवक्ता पूरन सिंह कैड़ा ने बताया कि वर्ष नवंबर 2019 में भतरौंजखान पुलिस ने मोहान सहायता केंद्र के पास चेकिंग अभियान के दौरान एक कार में सवार आरोपी मोहम्मद आकिल, निवासी महुआखेड़ा काशीपुर और संजय कुमार निवासी स्वार रामपुर यूपी के कब्जे से 18 किलो से अधिक गांजा बरामद की। मौके पर पुलिस ने आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा। वहीं, पुलिस ने विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। पत्रावली में मौजूद साक्ष्य वह गवाहों का परिसीलन कर न्यायालय ने आरोपियों पर दोष सिद्ध करते हुए पांच-पांच साल का सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दोनों पर दस-दस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया।

## गरुड़ में शराब व बियर बारों की जांच करने की मांग

गरुड़। व्यसनमुक्त समाज ने गरुड़ में संचालित शराब व बियर बारों की जांच करने की मांग की है। इस संबंध में व्यसनमुक्त समाज के संयोजक व उच्च न्यायालय के अधिवक्ता डीके जोशी ने प्रदेश के आबकारी सचिव व जनपद के जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा है। एडवोकेट जोशी ने भेजे गए ज्ञापन में कहा है कि नगर पंचायत गरुड़ व विकासखंड गरुड़ में हाल ही में शराब व बियर बार की बढ़ रही संख्या से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि गरुड़ में शराब के अलावा किसी और चीज की जरूरत ही नहीं है। सभी बार प्रथम दृष्टिया नियम विरुद्ध संचालित हो रहे हैं। नियम यह है कि पूर्व से संचालित होटल-रेस्टोरेंट जिसमें पिछले दो वर्षों में पके भोजन की प्रतिवर्ष 5 लाख की बिक्री हो,जिस पर जीएसटी अदा किया गया हो। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में संचालित नियम विरुद्ध शराब व बियर बार के पास कहीं भी कार पार्किंग उपलब्ध नहीं है, जबकि नियम है कि 600 वर्ग फीट पार्किंग स्पेस अनिवार्य है। बार के अंदर बैठने के लिए एक साथ 20 लोगों की व्यवस्था होनी चाहिए और महिला व पुरुष शौचालय अलग अलग निर्मित होने चाहिए। बारों में सीसीटीवी आईपी एड्रेस युक्त कैमरे भी नहीं लगे हैं। 21 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को शराब वितरित करना नियमानुसार प्रतिबंधित है, परंतु 21 वर्ष से कम आयु के युवक को भी शराब परोसी जा रही है। उन्होंने नियम विरुद्ध संचालित शराब व बियर बार लाइसेंस की शीघ्र जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।बारों में शराब की बोतलें कैसी बेची जाती है इस ओर क्यों आबकारी विभाग पुलिस प्रशासन मौन रहता है, क्यों नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जाती है इसको लेकर जिलाधिकारी से सभी बारों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करने की मांग की है।

## कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान जारी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की बरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जी जान से जुटी है, रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वह अभी तक एक हजार से भी अधिक महिलाओं से मिल चुकी है। इधर श्रीमती शर्मा, शनिवार को पूर्वी रम्पुरा पहुंची, जहाँ उन्होंने कांग्रेस की तरफ से नगर निगम पार्षद् का चुनाव लड़ी पूनम दिवाकर के आवास पर सेकडों महिलाओं को वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम के साथ जोड़ा, और हस्ताक्षर अभियान में उन्हे शामिल किया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# नवाचारों से सशक्त होगा अन्नदाता: धामी

## पंतनगर में सीएम धामी का जोरदार स्वागत, किसान मेले में सरकार की योजनाओं और विजन पर किया संवाद

पंतनगर(उद संवाददाता)। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित किसान मेले में रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'नकल विरोधी कानून, समान नागरिक संहिता (यूसीसी) एवं किसानों की प्रगतिश विषय पर आधारित गोष्ठी एवं संवाद में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री के मंच पर पहुंचने पर पंतनगर विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. मनमोहन चौहान ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर, पहाड़ी टोपी पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम से पूर्व मुख्यमंत्री धामी ने मेले में लगे विभिन्न विभागों, संस्थानों और स्थानीय उत्पादों से जुड़े स्टॉलों का निरीक्षण किया और वहां स्थानीय उत्पादों की सराहना की। गोष्ठी और संवाद में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय में वर्षों से आयोजित हो रहा यह किसान मेला सिर्फ कृषि उत्पादों और यंत्रों की प्रदर्शनी नहीं, बल्कि किसानों, वैज्ञानिकों और उद्यमियों के बीच नवाचार के आदान-प्रदान का मंच बन चुका है। उन्होंने कहा कि किसान मेले जैसे आयोजनों के माध्यम से किसानों को नवीनतम वैज्ञानिक तकनीकों, उन्नत बीजों, जैविक खेती, सिंचाई के आधुनिक तरीकों और बाजार की जानकारी एक ही स्थान पर प्राप्त होती है। इससे वे पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर वैज्ञानिक खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में राज्य और केंद्र सरकार की किसान-हितैषी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' का सपना साकार हो रहा है, जिसमें किसान अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देशभर में 11 करोड़ से अधिक किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल रहा है। उत्तराखंड में लगभग 9 लाख किसानों को सालाना आर्थिक सहायता दी जा रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के माध्यम से किसानों को प्राकृतिक आपदाओं के नुकसान से सुरक्षा कवच प्रदान किया गया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य के माध्यम से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिया जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि उत्तराखंड का किसान आधुनिक तकनीकों से लैस होकर कम लागत में अधिक उत्पादन कर पाए, जिससे उसकी आमदनी बढ़े और जीवन स्तर ऊंचा हो। हम किसानों को केवल उपजकता नहीं, बल्कि उद्यमी के रूप में देखना चाहते हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य है, जिसने समान नागरिक संहिता को लागू करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता देश की एकता, समानता और न्याय के सिद्धांतों को मजबूत करती है। यह सामाजिक समरसता की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। इसके साथ ही नकल विरोधी कानून की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हमने युवाओं के भविष्य की रक्षा के लिए उत्तराखंड में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया है, जिससे सरकारी परीक्षाओं की पारदर्शिता बनी रहे और प्रतिभावान छात्रों को न्याय मिले। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ,विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, महापौर विकास शर्मा, दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या,अनिल डब्बू, सुरेश गड़िया, शंकर कोरंगा, रमेश जोशी, फुरजाना बेगम, राजेश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं किसान मौजूद रहे।








# लाखों की स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। त्योहारी सीजन के मद्देनजर चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के तहत एसओजी और पुलिस की संयुक्त टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। बगवाड़ा चौकी पुलिस ने 31.36 ग्राम शुद्ध स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। मामले में जानकारी देते हुए उपनिरीक्षक सुरेन्द्र रिंगवाल ने बताया कि वह अपने हमराह पुलिसकर्मियों के साथ संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग के लिए निकले थे। चेकिंग के दौरान बगवाड़ा मंडी के समीप स्थित चंद्रपाल की पार्किंग के पास एक युवक पुलिस को देखकर संदिग्ध अवस्था में पीछे हटने लगा। संदेह होने पर पुलिस कर्मियों ने उसे पकड़ लिया। पूछ ताछ में युवक की पहचान नदीम पुत्र मोईनुद्दीन निवासी ग्राम शिमरा, थाना माधोटांडा, जिला पीलीभीत (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई। तलाशी के दौरान नदीम के पास से कुल 31.36 ग्राम शुद्ध स्मैक बरमाद की गयी। पकड़े गए नदीम ने पूछताछ में कबूल किया कि वह मजदूरी करता है लेकिन पैसों की लालच में स्मैक बेचने लगा। उसने बताया कि वह यह माल किसी अज्ञात व्यक्ति से उत्तर प्रदेश में लेकर आया था, जिसे बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में था। आरोपी की जेब से 700 रुपये नकद बरमाद हुए। पूछताछ में उसने बताया कि यह रुपये वह अपने घर से लेकर आया था। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। कार्रवाई में एसओजी के उपनिरीक्षक धीरज टम्टा, हेड कांस्टेबल रवींद्र सिंह बिष्ट, कांस्टेबल नीरज शुक्ला और अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।



# बेकाबू कार की टक्कर से भाजपा नेता की दर्दनाक मौत

देहरादून(उद संवाददाता)। राजधानी देहरादून में शनिवार रात तेज रफ्तार ने भाजयुमो नेता की जान ले ली। शिमला बाईपास रोड स्थित सेंट ज्यूड्स चौक पर तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े युवकों को रौंद दिया। इस भीषण हादसे में डीएवी पीजी कॉलेज के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष व भाजपा महानगर महामंत्री 29 वर्षीय जितेंद्र सिंह बिष्ट की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका साथी ऋतिक राजपूत गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद कार चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूत्रों के अनुसार, शनिवार रात वासु नामक युवक का जन्मदिन मनाने के लिए जितेंद्र बिष्ट अपने मित्रों ऋतिक, ओमी सजवान और वैभव रावत के साथ कार्यालय में एकत्र हुए थे। रात करीब 8 बजे केक काटने के बाद सभी बाहर निकले ही थे कि ट्रांसपोर्ट नगर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि जितेंद्र सिंह बिष्ट कार के नीचे आ गए, जबकि ऋतिक भी वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जितेंद्र को मृत घोषित कर दिया। ऋतिक की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस जांच में सामने आया है कि घातक वाहन एक वर्कशॉप में मरम्मत के लिए दिया गया था। वाहन मालिक बुड्डी गांव निवासी मुजम्मिल ने अपनी कार वसीम नामक व्यक्ति की वर्कशॉप में दी थी। वर्कशॉप में कार्यरत एक कर्मचारी अब्बू ने मेंटेनेंस के नाम पर वाहन को बिना अनुमति के सड़क पर चला दिया और यह हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पटेल नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में छात्रसंघ कार्यकर्ता व भाजपा कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंचे और आक्रोश व्यक्त किया। पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों को शांत करवाया। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान अधिकारी ने बताया कि हादसे में प्रयुक्त वाहन को कब्जे में ले लिया गया है। वर्कशॉप संचालक वसीम को हिरासत में लिया गया है, वहीं वाहन चला रहे आरोपी अब्बू की तलाश जारी है, जो घटनास्थल से फरार हो गया। जितेंद्र सिंह बिष्ट वर्ष 2018 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से डीएवी पीजी कॉलेज छात्रसंघ अध्यक्ष चुने गए थे। युवाओं में अत्यंत लोकप्रिय बिष्ट वर्तमान में भाजपा महानगर महामंत्री के पद पर कार्यरत थे।

# चोरों ने नगदी और जेवर उड़ाये

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गृह स्वामी की गैर मौजूदगी में अज्ञात चोरों ने घर के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। इस दौरान चोरों ने घर में रखे 65 हजार रुपए की नगदी सहित सोने चांदी के कीमती जेवर चुरा लिए।नगर के वार्ड नंबर 4, निकट गन्ना समिति, किच्छा निवासी नीरजा चौधरी पुत्री यशपाल सिंह चौधरी ने बताया कि विगत 4 अक्टूबर की सुबह उसने वार्ड चार स्थित अपने पहले मकान में लॉक लगा दिया था और काशीपुर स्थित दूसरे आवास पर चली गई थी। बताया कि 8 अक्टूबर को जब वह काशीपुर से किच्छा आई तो सीधे विद्यालय चली गई और ड्यूटी करने के पश्चात जब वह वार्ड चार स्थित आवास पर पहुंची तो मुख्य द्वार पर ताला लगा हुआ था जबकि घर के अंदर सभी ताले टूटे हुए थे। बताया कि घर के निकट पड़ोसी शर्मा जी के घर में निर्माण कार्य चल रहा है तथा इस निर्माण कार्य में कार्यरत राजमिस्त्री का सामान हथोड़ा, सरिया, छैनी सहित अन्य सामान पीड़िता के घर में पड़ा हुआ था, जिसे राजमिस्त्री द्वारा पहचान कर अपना सामान बताया गया है। पीड़िता के अनुसार अज्ञात चोरों ने घर में रखी 65 हजार रुपए की नगदी सहित चांदी की तगड़ी, चांदी का गुच्छा, करीब 500 ग्राम वजन की चांदी की बॉल, चांदी का लॉकेट, सोने के दो जोड़ी कुंडल एवं कान की बाली, दो जोड़ी चांदी की पायल आदि सामान चुरा लिया और मौके से फरार हो गए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

# संदिग्ध हालातों में झाड़ियों में बदहवास मिली महिला

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शनिवार की रात्रि किच्छा बाईपास रोड़ पर ठंडी सड़क के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला घायल अवस्था में पड़ी पाई गई। मामले की सूचना मिलने पर गौ रक्षक दल के विराट आर्या ने कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचकर महिला को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। मामले की जानकारी देते हुए विराट आर्या ने बताया कि उन्हें शनिवार को किसी व्यक्ति ने फोन कर बताया कि किच्छा बाईपास रोड़ में ठंडी सड़क पर एक अज्ञात महिला घायल अवस्था में पड़ी हुई है। उसके कपड़े फटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही वह जिला मंत्री विश्व हिन्दू परिषद राजेन्द्र मेहरा, विट्टू शर्मा, सुल्तान सिंह, जोगेंद्र सिंह आदि के संग मौके पर पहुंचे और महिला से बात की। उसने अपना नाम सरोज व निवासी गया बिहार हाल निवासी ग्राम भूरारानी किरायेदार बताया। उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाकर भर्ती कराया गया साथ ही मामले की जानकारी पुलिस को भी दे दी। पुलिस महिला से आवश्यक जानकारी जुटा रही है।




!! घल्ले आवे नानका सद्दे उठ जाये !!

**भोग/अन्तिम अरदास**



बड़े दु:खी हृदय के साथ सूचित किया जाता है कि मेरी माता जी **सरदारनी स्व. सुरजीत कौर पत्नी हरदयाल सिंह विर्क जी** का आकस्मिक निधन 04.10.2025 को हो गया है, उनकी आत्मिक शांति के लिए रखे गए **श्री अखण्ड पाठ साहिब का भोग व अन्तिम अरदास 13-10-2025 दिन सोमवार** को प्रात: 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक स्थान-**गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा बिगवाड़ा, रुद्रपुर** में होगा।

**शोकाकुल परिवार**

मनप्रीत सिंह विर्क (पुत्र) (विक्की) (पुत्र)
हरदर हरदयाल सिंह विर्क (पति) हरदेव सिंह (देवर)
पता - ग्राम बिगवाड़ा रुद्रपुर जिला ऊधमसिंहनगर
फोन नं.: 9837246542, +91-956821000


# नव प्रतिष्ठान रंगरेज का हुआ भव्य शुभारम्भ

रुद्रपुर। किच्छा बाईपास रोड़ पर कृष्ण गोपाल शर्मा के नव प्रतिष्ठान रंगरेज का पं. सन्नी शर्मा द्वारा किये गये धार्मिक अनुष्ठानों के साथ भव्य शुभारम्भ किया गया।वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीत ग्रोवर ने फीता काटकर नव प्रतिष्ठान रंगरेज का उद्घाटन किया। प्रतिष्ठान स्वामी कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि नव प्रतिष्ठान में विभिन्न प्रकार की स्वादिष्ट मिठाईयां, फैमली के लिए ब्रेक फास्ट, लंच और डिनर की सभी सुविधाओं के साथ सेवा और बेकरी के खाद्य पदार्थ उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने बताया कि पूर्ण वातानुकूलित प्रतिष्ठान में आने वाले सभी सम्मानित ग्राहकों को घर जैसा अनुभव होगा।कुशल कारीगरों द्वारा निर्मित सभी मिठाईयां, लंच, डिनर व बेकरी की वस्तुओं का स्वाद सभी को पसंद आयेगा ऐसा उन्हें पूर्ण विश्वास है। कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि इस प्रतिष्ठान को अतुल बांगा व राहुल बांगा ने स्वयं की मौजूदगी में कुछ ही दिनों में तैयार कर आकर्षक रूप दिया है। इससे पूर्व नव प्रतिष्ठान में पं. सन्नी शर्मा द्वारा की गई पूजा के दौरान प्रतिष्ठान स्वामी कृष्ण गोपाल शर्मा उनके परिजन दीप शिखा शर्मा, प्रिंस शर्मा, अमन शर्मा आदि मौजूद रहे। इस मौके पर अतुल बांगा, राहुल बांगा, राजकुमार अनेजा, विमल कुमार ग्रोवर, आरएस कामरा, गुरप्रीत सिंह, योगेश, ब्रजमोहन बंसल, मनीष कुमार, नयन दीप कौर, अमरजीत कौर, उपकार सिंह चीमा, चिराग कुमार, हरदयाल मदान, दिनेशपुर नगर पंचायत अध्यक्ष कांवल सिंह, प्रीत गोवर, जसविन्दर सिंह खरबन्दा, हरविन्दर हरजी आदि थे।



